अपने सरकारी कामकाज में

बोलचाल की भाषा का प्रयोग करें

सहज-सरल भाषा का प्रयोग करें

प्रांतीय भाषाओं के शब्दों का प्रयोग करें।

अंग्रेजी शब्द का हिंदी अर्थ न पता होने पर

उसे ज्यों का त्यों देवनागरी लिपि में लिखे।

हमें किसी प्रकार की कोई निश्चित निर्धारित भाषा के

उपयोग के सख्त निदेश भी नहीं दिए गए हैं।

संविधान का अनुच्छेद 351 भी यही कहता है कि संघ का यह कर्तव्य होगा कि

वह हिंदी भाषा का प्रसार बढ़ाए, उसका विकास करे जिससे वह भारत की

सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके।

INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
Serving the nation since 1911

विकसित भारत@2047
– सशक्त अनुसंधान –
स्वस्थ्य भारत

स्वस्थ भारत | समृद्ध भारत | आत्मनिर्भर भारत

आईसीएमआर राजभाषा संदर्शिका

INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
Serving the nation since 1911

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
भारत सरकार

आईसीएमआर राजभाषा संदर्शिका



संरक्षक

डॉ. राजीव बहल

सचिव, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग,
एवं
महानिदेशक,
भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

मार्गदर्शक

श्री विवेक कुमार दक्ष

वरिष्ठ उपमहानिदेशक, आईसीएमआर

संकल्पना एवं संपादन

डॉ. वंदना शर्मा

उपनिदेशक (रा.भा.) आईसीएमआर

कवर पृष्ठ एवं साजसज्जा

श्री अंकुर भारद्वाज, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी
सुश्री सलोनी, डाटा एंट्री ऑपरेटर

सहयोग – हिंदी अनुभाग
भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

कॉपीराइट ©2026

द्वारा संकलित और संपादित
डॉ. वंदना शर्मा, उपनिदेशक (रा.भा.) हिंदी अनुभाग
कवर पृष्ठ एवं साजसज्जा तथा सहयोग
श्री अंकुर भारद्वाज, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी
सुश्री सलोनी, डाटा एंट्री ऑपरेटर
हिंदी अनुभाग

द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित
सचिव, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
एवं
महानिदेशक, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
वी. रामलिंगस्वामी भवन, P.O. बॉक्स नंबर 4911
अंसारी नगर, नई दिल्ली – 110029, भारत
https://www.icmr.gov.in/

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ सं.
	संरक्षक की कलम से डॉ. राजीव बहल, सचिव डीएचआर, महानिदेशक आईसीएमआर	
	मार्गदर्शक की कलम से श्री विवेक कुमार दक्ष, वरिष्ठ उपमहानिदेशक, आईसीएमआर	
	संदेश डॉ. ऋचा पाण्डेय, वरिष्ठ वित्तीय सलाहकार, आईसीएमआर	
	संपादकीय	
1.	अध्याय–1. भाषा के आधार पर परिषद के संस्थानो का वर्गीकरण	1-6
2.	अध्याय–2. विभिन्न संस्थानो के क्षेत्र अनुसार राजभाषा संबंधी लक्ष्य	7-13
3	अध्याय–3. तिमाही प्रगति रिपोर्ट (भाग–I एवं भाग–II)	14-26
4.	अध्याय–4. संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली	27-40
5.	विभागीय शब्दावली	
	1) प्रशासनिक शब्दावली	41-71
	2) वित्त एवं खरीद संबंधी शब्दावली	72-112
	3) समितियों एवं बैठकों से संबंधित शब्दावली	113-126
	4) आईसीएमआर विज्ञानीय शब्दावली	127-170
6.	अंग्रेजी अनुवाद	171-207

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल
बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।

अंग्रेजी पढ़ि के जदपि, सब गुन होत प्रवीन
पै निज भाषा-ज्ञान बिन, रहत हीन के हीन।

उन्नति पूरी है तबहिं जब घर उन्नति होय
निज शरीर उन्नति किये, रहत मूढ़ सब कोय।

निज भाषा उन्नति बिना, कबहुं न ह्यैहैं सोय
लाख उपाय अनेक यों भले करे किन कोय।

इक भाषा इक जीव इक मति सब घर के लोग
तबै बनत है सबन सों, मिटत मूढ़ता सोग।

और एक अति लाभ यह, या में प्रगट लखात
निज भाषा में कीजिए, जो विद्या की बात।

तेहि सुनि पावै लाभ सब, बात सुनै जो कोय
यह गुन भाषा और महं, कबहूं नाहीं होय।

विविध कला शिक्षा अमित, ज्ञान अनेक प्रकार
सब देसन से लै करहू, भाषा माहि प्रचार।

भारतेंदु हरिश्चंद्र



संरक्षक की कलम से

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को और अधिक बढ़ावा देने के लिए **'आईसीएमआर राजभाषा संदर्शिका'** का प्रकाशन किया जा रहा है।

आईसीएमआर जनस्वास्थ्य और आयुर्विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में देश की एक शीर्षस्थ संस्था के रुप में कार्यरत है। हमारे विज्ञानीय प्रयास एवं अनुसंधान जनसामान्य तक सहजता से पहुंचे, इसके लिए हमारा यह महत्वपूर्ण दायित्व है कि हम सभी अपना दैनिक, प्रशासनिक और विज्ञानीय कार्य अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी में करें।

हमारे परिषद के 27 संस्थान/कार्यालय देश के विभिन्न राज्यों में फैले हैं, इन सभी संस्थानों को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम राजभाषा हिंदी ही है। **'आईसीएमआर राजभाषा संदर्शिका'** के द्वारा हमारा प्रयास परिषद और परिषद के सभी संस्थानों में राजभाषा की कार्य संस्कृति में एकरुपता लाना है और यह राजभाषा के प्रयोग को अधिकाधिक बढ़ावा देने की दिशा में निश्चित रुप से एक नवीन पहल है। यही नहीं इसके अंतर्गत अनेक प्रशासनिक, वित्तीय और विज्ञानीय शब्दों के हिंदी अर्थ भी शामिल किए गए है जोकि प्रशासनिक वर्ग के साथ–साथ वैज्ञानिकों की भी राजभाषा में कार्य करने की झिझक को दूर करेंगे।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आईसीएमआर परिवार के सभी सदस्य **'आईसीएमआर राजभाषा संदर्शिका'** की मदद से अपना कार्य राजभाषा में करेंगे। यह संदर्शिका आप सभी के लिए एक मार्गदर्शक मित्र की तरह काम करेगी। मैं इस उपयोगी और महत्वपूर्ण संदर्शिका के सफल प्रकाशन के लिए डॉ. वंदना शर्मा, उपनिदेशक (रा.भा.) और हिंदी अनुभाग की पूरी टीम को हार्दिक बधाई देता हूँ।

शुभकामनाओं सहित

राजीव बहल

(डॉ. राजीव बहल)
महानिदेशक, आईसीएमआर



मार्गदर्शक की कलम से

यह अत्यंत हर्ष की बात है कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रशासनिक कार्यों में सहयोग और परिषद के संस्थानों को तिमाही प्रगति रिपोर्ट, संसदीय राजभाषा संबंधी निरीक्षण प्रश्नावली भरने संबंधी जानकारी देने के उद्देश्य से **'आईसीएमआर राजभाषा संदर्शिका'** का प्रकाशन किया जा रहा है।

आईसीएमआर राजभाषा संदर्शिका के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में स्थित आईसीएमआर के संस्थानों को राजभाषा संबंधी कार्य करने में जो रुकावटें आती है उन्हें दूर करने का प्रयास किया गया है। तिमाही प्रगति रिपोर्ट की मदों में मांगी गई सूचना की सही जानकारी होने पर उसमें सही और सटीक आंकड़ें भरे जा सकते है और वहीं संसदीय राजभाषा समिति द्वारा परिषद के किसी भी संस्थान का निरीक्षण होने पर प्रश्नावली की मदों में मांगी गई सूचना भी सही और सटीक भरा जाना अनिवार्य है। कहने का तात्पर्य यह है कि परिषद के सभी संस्थानों द्वारा इसका प्रयोग कर कार्य सस्कृति में एकरुपता और सटीकता आएगी। इस पुस्तिका में दैनिक प्रयोग में उपयोग होने वाले प्रशासनिक शब्दों के सरल और सटीक रुप भी प्रस्तुत किए गए हैं, इससे इस पुस्तक की प्रासंगिकता बढ़ जाती है और यही नहीं इस संदर्शिका के अध्यायों के अंग्रेजी अनुवाद को भी शामिल किया गया है जिससे हमारे 'ग' क्षेत्र में स्थित संस्थानों को इसका अनुपालन करने में आसानी होगी।

मैं आईसीएमआर मुख्यालय तथा देश भर में स्थित इसके सभी संस्थानों के अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध करता हूँ कि वे अपने दिन–प्रतिदिन के कार्यालयीन कार्यों में **'आईसीएमआर राजभाषा संदर्शिका'** का पूरा लाभ उठाएं और अपना अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिंदी में पूरे गर्व और उत्साह के साथ करें।

इस अत्यंत उपयोगी संदर्शिका को तैयार करने के लिए मैं डॉ. वंदना शर्मा, उपनिदेशक (रा.भा.) और हिंदी अनुभाग के सभी कार्मिकों के प्रयासों की सराहना करता हूँ और उन्हें हार्दिक बधाई देता हूँ।

शुभकामनाओं सहित

(विवेक कुमार दक्ष)
वरिष्ठ उप महानिदेशक(प्रशासन)
आईसीएमआर



संदेश

यह अत्यन्त हर्ष और गौरव का विषय है कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा राजभाषा के प्रयोग और प्रसार को नई दिशा देने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल **'आईसीएमआर राजभाषा संदर्शिका'** के रूप में की जा रही है। देश के सर्वोच्च अनुसंधान संस्थानों में अग्रणी आईसीएमआर, जहां एक ओर विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर राजभाषा के संवर्धन हेतु उठाया गया यह कदम अत्यंत सराहनीय है। यह संदर्शिका मुख्यालय सहित हमारे सभी संस्थानों के लिए राजभाषा के पथ पर एक उत्कृष्ट मार्गदर्शक सिद्ध होगी।

हिंदी हमारी राजभाषा ही नहीं, अपितु हमारी सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक भी है। सरकार के प्रशासनिक कार्य में इसे इसका उचित स्थान दिलाना हम सभी का सामूहिक उत्तरदायित्व है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, इस संदर्शिका में राजभाषा की तिमाही प्रगति रिपोर्ट और संसदीय राजभाषा निरीक्षण प्रश्नावली भरने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को अत्यंत व्यवस्थित ढंग से संकलित किया गया है। यह सामग्री सभी कार्यालयों के लिए एक 'सहायक मित्र' की भूमिका निभाएगी।

इसके अतिरिक्त, संदर्शिका के अंत में संलग्न **'प्रशासनिक और विज्ञानीय शब्दकोश'** हमारे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपना दैनिक प्रशासनिक तथा विज्ञानीय कार्य राजभाषा में सहज तरीके से करने के लिए प्रेरित करेगा। हमारे 'ग' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों की सुविधा को देखते हुए इस संदर्शिका के अध्यायों को द्विभाषी रूप में भी प्रस्तुत किया गया है। इस अत्यंत उपयोगी संदर्शिका को तैयार करने में जो अथक परिश्रम और लगन प्रदर्शित की गई है, उसकी वास्तविक सार्थकता तभी सिद्ध होगी, जब हम मुख्यालय एवं सभी संस्थानों में राजभाषा संबंधित कार्यों में इसका अधिकाधिक और गंभीरता से उपयोग करेंगे।

मैं इस अभिनव पहल और उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. वंदना शर्मा एवं हिंदी अनुभाग की पूरी टीम को हार्दिक बधाई देती हूँ। उनकी यह नई सोच राजभाषा के प्रति हमारे संकल्प को और सुदृढ़ करेगी।

शुभकामनाओं सहित

ऋचा पाण्डेय

(डॉ. ऋचा पाण्डेय)
वरिष्ठ वित्तीय सलाहकार,
आईसीएमआर



संपादकीय

भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु यह अत्यंत आवश्यक है कि कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का प्रयोग सरल, सहज एवं व्यावहारिक हो। वैज्ञानिक तथा अनुसंधान संस्थानों में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए ऐसी संदर्भ सामग्री की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो प्रशासनिक कार्यों के साथ–साथ विज्ञानीय कार्यों में भी समान रुप से उपयोगी सिद्ध हो। साथ ही राजभाषा के दैनिक कार्यों को पूर्ण करने की दिशा में मार्गदर्शिका सिद्ध हो।

इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु **'आईसीएमआर राजभाषा संदर्शिका'** तैयार की गई है। वस्तुतः देखा जाए तो यह संदर्शिका आईसीएमआर के 27 संस्थानों को एक साथ एक ही पुस्तक में राजभाषा संबंधी महत्वपूर्ण दिशानिर्देश उपलब्ध करवाने का एक विनम्र प्रयास है क्योंकि इस पुस्तिका में तिमाही प्रगति रिपोर्ट और संसदीय राजभाषा निरीक्षण प्रश्नावली भरने संबंधी दिशा–निर्देशों को अत्यंत सरल भाषा में स्पष्ट किया गया है। इसके अतिरिक्त, इसमें आवश्यक कार्यालयीन शब्दावली तथा विज्ञानीय शब्दों के हिंदी अर्थों का भी समावेश किया गया है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस संदर्शिका का उपयोग आईसीएमआर मुख्यालय सहित इसके सभी संस्थानों एवं केंद्रों द्वारा किया जाएगा और यही हमारे इस प्रयास की सच्ची सार्थकता होगी। इस संदर्शिका के प्रकाशन में निरंतर उत्साहवर्धन एवं स्नेहपूर्ण प्रोत्साहन के लिए मैं परिषद् के माननीय महानिदेशक डॉ. राजीव बहल, वरिष्ठ उपमहानिदेशक महोदय श्री विवेक कुमार दक्ष और वरिष्ठ वित्तीय सलाहकार महोदया डॉ. ऋचा पाण्डेय के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ। उनके अमूल्य मार्गदर्शन और स्नेहपूर्ण प्रोत्साहन के बिना इस कार्य को मूर्त देना संभव नहीं था। मैं परिषद के अन्य सभी वरिष्ठ अधिकारियों को भी हार्दिक धन्यवाद देती हूँ जिन्होंने अपने अमूल्य सुझावों से इस संदर्शिका को तैयार करने में सहायता की और इसका प्रकाशन करवाने में अपना योगदान दिया। मैं हिंदी अनुभाग की पूरी टीम को भी हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ जिन्होंने इस कार्य को करने में प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रुप से सहायता की और विशेष रुप से मैं श्री अंकुर भारद्वाज और सुश्री सलोनी को इस संदर्शिका के टंकण कार्य और कवर–पृष्ठ सज्जा में सहयोग देने के लिए हृदय से धन्यवाद करती हूँ।

इस संदर्शिका के लिए आपके सुझाव हमारे लिए प्रेरणा का कार्य करेंगे।

वंदना

(डॉ. वंदना शर्मा)
उपनिदेशक (राजभाषा)
आईसीएमआर

अध्याय - 1
भाषा के आधार पर परिषद के संस्थानों का वर्गीकरण

भाषा के आधार पर पूरे भारतवर्ष को तीन क्षेत्रों में बांटा गया है 'क', 'ख' और 'ग'. जो कि इस प्रकार है -:

क्षेत्र' क' - वे राज्य जहां हिंदी का प्रयोग व्यापक रूप से होता है।

'क' क्षेत्र - बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तराखंड, राजस्थान, और उत्तर प्रदेश तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र

क्षेत्र 'ख' - वे राज्य जहां हिंदी का प्रयोग अपेक्षाकृत अधिक है।

'ख' क्षेत्र - गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब राज्य तथा चंडीगढ़, दमन और दीव तथा दादर और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र

क्षेत्र 'ग' - शेष राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र।

'ग' क्षेत्र - जम्मू कश्मीर, तमिलनाडू, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, केरल, असम, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, गोवा, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, सिक्किम, नागालैंड, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम, तेलंगाना, आदि क्षेत्र।

इस दृष्टि से भारत के विभिन्न राज्यों में फैले परिषद के 27 संस्थानों को भी भाषा के आधार पर तीन क्षेत्रों में विभाजित किया गया है और इसी आधार पर अलग-अलग राज्यों में स्थित संस्थान भाषा की दृष्टि से पृथक-पृथक क्षेत्र में आते है। यही कारण है कि भाषा की दृष्टि से भारत सरकार द्वारा निर्धारित क्षेत्र 'क', ख' एवं 'ग' के अनुसार भी परिषद के संस्थानों का वर्गीकरण निम्न प्रकार किया गया है।

क्र. सं.	संक्षिप्त नाम	शहर (City)	क्षेत्र	संस्थान/कार्यालय का नाम (English)	संस्थान/कार्यालय का नाम (हिंदी)
1	ICMR-NJILOMD	आगरा (Agra)	क	ICMR-National JALMA Institute for Leprosy & Other Mycobacterial Diseases (NJILOMD), Agra	आईसीएमआर-राष्ट्रीय जाल्मा कुष्ठ एवं अन्य माइकोबैक्टीरियल रोग संस्थान (एनजेआईएलओएमडी), आगरा
2	ICMR-BMHRC	भोपाल (Bhopal)	क	ICMR-Bhopal Memorial Hospital & Research Centre (BMHRC), Bhopal	आईसीएमआर-भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी), भोपाल
3	ICMR-NIREH	भोपाल (Bhopal)	क	ICMR-National Institute for Research in Environmental Health (NIREH), Bhopal	आईसीएमआर-राष्ट्रीय पर्यावरणीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईआरईएच), भोपाल
4	ICMR-NIHR	गोरखपुर (Gorakhpur)	क	ICMR-National Institute of Health Research (NIHR), Gorakhpur	आईसीएमआर-राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईएचआर), गोरखपुर
5	ICMR-NITHR	जबलपुर (Jabalpur)	क	ICMR-National Institute for Tribal Health Research (NITHR), Jabalpur	आईसीएमआर-राष्ट्रीय जनजातीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईटीएचआर), जबलपुर

6	ICMR-NIHR	जोधपुर (Jodhpur)	क	ICMR-National Institute of Health Research (NIHR), Jodhpur	आईसीएमआर-राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईएचआर),, जोधपुर
7	ICMR-NICHR	नई दिल्ली (New Delhi)	क	ICMR-National Institute of Child Health Research (NICHR), New Delhi	आईसीएमआर-राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईसीएचआर), नई दिल्ली
8	ICMR-NIMR	नई दिल्ली (New Delhi)	क	ICMR-National Institute of Malaria Research (NIMR), New Delhi	आईसीएमआर-राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान (एनआईएमआर), नई दिल्ली
9	ICMR-NIRDH	नई दिल्ली (New Delhi)	क	ICMR-National Institute for Research in Digital Health (NIRDH), New Delhi	आईसीएमआर-राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईआरडीएच), नई दिल्ली
10	ICMR-NICPR	नोएडा (Noida)	क	ICMR-National Institute of Cancer Prevention and Research (NICPR), Noida	आईसीएमआर-राष्ट्रीय कैंसर निवारण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईसीपीआर), नोएडा
11	ICMR-RM NIHR	पटना (Patna)	क	ICMR-Rajendra Memorial National Institute of Health Research (RM NIHR), Patna	आईसीएमआर-राजेन्द्र स्मारक राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (आरएम एनआईएचआर), पटना

12	ICMR-RMRC SVP	पोर्ट ब्लेयर (Port Blair)	क	ICMR-Regional Medical Research Centre (RMRC SVP), Sri Vijaya Puram	आईसीएमआर-क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान केंद्र, (आरएमआरसी एसवीपी), श्री विजय पुरम
13	ICMR-NIOHR	अहमदाबाद (Ahmedabad)	ख	ICMR-National Institute of Occupational Health Research (NIOHR), Ahmedabad	आईसीएमआर-राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईओएचआर), अहमदाबाद
14	ICMR-NIRBID	मुंबई (Mumbai)	ख	ICMR-National Institute for Research on Blood and Immune Disorders (NIRBID), Mumbai	आईसीएमआर-राष्ट्रीय रक्त एवं प्रतिरक्षा विकार अनुसंधान संस्थान (एनआईआरबीआईडी), मुंबई
15	ICMR-NIRWoH	मुंबई (Mumbai)	ख	ICMR-National Institute for Research on Women's Health (NIRWoH), Mumbai	आईसीएमआर-राष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईआरडब्ल्यूओएच), मुंबई
16	ICMR-NITVAR	पुणे (Pune)	ख	ICMR-National Institute of Translational Virology and AIDS Research (NITVAR), Pune	आईसीएमआर-राष्ट्रीय ट्रांसलेशनल वायरोलॉजी एवं एड्स अनुसंधान संस्थान (एनआईटीवीएआर), पुणे
17	ICMR-NIV	पुणे (Pune)	ख	ICMR-National Institute of Virology (NIV), Pune	आईसीएमआर-राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी), पुणे

18	ICMR-NITM	बेलगावी (Belagavi)	ग	ICMR-National Institute of Traditional Medicine (NITM), Belagavi	आईसीएमआर-राष्ट्रीय पारंपरिक चिकित्सा विज्ञान संस्थान (एनआईटीएम), बेलगावी
19	ICMR-NINE	बेंगलुरु (Bengaluru)	ग	ICMR-National Institute of NCDs Epidemiology (NINE), Bengaluru	आईसीएमआर-राष्ट्रीय एनसीडी जानपदिक रोग विज्ञान संस्थान (एनआईएनई), बेंगलुरु
20	ICMR-NIHR	भुवनेश्वर (Bhubaneswar)	ग	ICMR-National Institute of Health Research (NIHR), Bhubaneswar	आईसीएमआर-राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईएचआर), भुवनेश्वर
21	ICMR-NIE	चेन्नई (Chennai)	ग	ICMR-National Institute of Epidemiology (NIE), Chennai	आईसीएमआर-राष्ट्रीय जानपदिक रोग विज्ञान संस्थान (एनआईई), चेन्नई
22	ICMR-NIRT	चेन्नई (Chennai)	ग	ICMR-National Institute for Research in Tuberculosis (NIRT), Chennai	आईसीएमआर-राष्ट्रीय क्षयरोग अनुसंधान संस्थान (एनआईआरटी), चेन्नई
23	ICMR-NIHR	डिब्रूगढ़ (Dibrugarh)	ग	ICMR-National Institute of Health Research (NIHR), Dibrugarh	आईसीएमआर-राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईएचआर), डिब्रूगढ़

24	ICMR-NIPCR	हैदराबाद (Hyderabad)	ग	ICMR-National Institute for Pre-Clinical Research (NIPCR), Hyderabad	आईसीएमआर-राष्ट्रीय पूर्व-नैदानिक अनुसंधान संस्थान (एनआईपीसीआर), हैदराबाद
25	ICMR-NIN	हैदराबाद (Hyderabad)	ग	ICMR-National Institute of Nutrition (NIN), Hyderabad	आईसीएमआर-राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एनआईएन), हैदराबाद
26	ICMR-NIRBI	कोलकाता (Kolkata)	ग	ICMR-National Institute for Research in Bacterial Infections (NIRBI), Kolkata	आईसीएमआर-राष्ट्रीय जीवाणु संक्रमण अनुसंधान संस्थान (एनआईआरबीआई), कोलकाता
27	ICMR-NIVCR	पुडुचेरी (Puducherry)	ग	ICMR-National Institute for Vector Control Research (NIVCR), Puducherry	आईसीएमआर-राष्ट्रीय रोगवाहक नियंत्रण अनुसंधान संस्थान (एनआईवीसीआर), पुडुचेरी

यह तो हुआ हमारे परिषद के सभी संस्थानों का भाषा के आधार पर क्षेत्र वर्गीकरण हालांकि सभी संस्थानों को अपने-अपने क्षेत्रों की जानकारी होगी किंतु परिषद परिवार के सदस्य होने के नाते हमें अपने साथी संस्थानों के भाषा के आधार पर क्षेत्र की जानकारी होना भी आवश्यक है जिससे कि हम अपने साथी संस्थानों के क्षेत्र के आधार पर उनके साथ लक्ष्य के अनुसार निर्धारित पत्राचार प्रतिशत के लिए कदम उठा सके।

****

अध्याय - 2

विभिन्न संस्थानों के क्षेत्र अनुसार राजभाषा संबंधी लक्ष्य

भाषा के आधार पर भारत को तीन भागों में बांटा गया है उसी को ध्यान में रखते हुए संस्थानों की सुविधा के अनुसार परिषद के विभिन्न संस्थानों को भी भाषा के आधार पर तीन भागों में विभाजित करते हुए उनके लिए निर्धारित राजभाषा संबंधी लक्ष्यों को भी निम्नानुसार दर्शाया गया है, जिसे प्राप्त करने हेतु संस्थानों द्वारा अथक प्रयास किए जाने अपेक्षित है।

परिषद के "क" क्षेत्र में स्थित संस्थानों जैसे -

- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय जाल्मा कुष्ठ एवं अन्य माइकोबैक्टीरियल रोग संस्थान (एनजेआईएलओएमडी), आगरा**
- **आईसीएमआर-भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी), भोपाल**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय पर्यावरणीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईआरईएच), भोपाल**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईएचआर), गोरखपुर**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय जनजातीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान(एनआईटीएचआर), जबलपुर**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईएचआर), जोधपुर**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईसीएचआर), नई दिल्ली**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान (एनआईएमआर), नई दिल्ली**

- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईआरडीएच), नई दिल्ली**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय कैंसर निवारण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईसीपीआर), नोएडा**
- **आईसीएमआर-राजेन्द्र स्मारक राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (आरएम एनआईएचआर), पटना**
- **आईसीएमआर-क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान केंद्र (आरएमआरसी एसवीपी) श्री विजय पुरम, पोर्ट ब्लेयर,** आदि के लिए राजभाषा संबंधी लक्ष्य निम्न प्रकार है- यहां यह ध्यान देना आवश्यक है कि परिषद के उल्लेखित संस्थानों का क क्षेत्र, ख क्षेत्र के साथ पत्राचार 100 प्रतिशत और ग क्षेत्र के साथ 70 प्रतिशत होना चाहिए।

क्र.सं.	**कार्य विवरण**	**"क" क्षेत्र**
1.	हिंदी में मूल पत्राचार (ई-मेल सहित)	1. क क्षेत्र से क क्षेत्र को - 100% 2. क क्षेत्र से ख क्षेत्र को - 100% 3. क क्षेत्र से ग क्षेत्र को - 70% 4. क क्षेत्र से क व ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/व्यक्ति- 100%
2.	हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाना	100%
3.	हिंदी में टिप्पणी	80%
4.	हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम	75%
5.	हिंदी टंकण करने वाले कर्मचारी एवं आशुलिपिक की भर्ती	80%
6.	हिंदी में डिक्टेशन/की बोर्ड पर सीधे टंकण स्वयं तथा सहायक द्वारा)	70%

7.	हिंदी प्रशिक्षण (भाषा, टंकण, आशुलिपि)	100%
8.	द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना	100%

ठीक इसी प्रकार परिषद के 'ख' क्षेत्र में स्थित संस्थानों जैसे -

- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईओएचआर), अहमदाबाद**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय रक्त एवं प्रतिरक्षा विकार अनुसंधान संस्थान (एनआईआरबीआईडी), मुंबई**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईआरडब्ल्यूओएच), मुंबई**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय ट्रांसलेशनल वायरोलॉजी एवं एड्स अनुसंधान संस्थान (एनआईटीवीएआर), पुणे**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी), पुणे** आदि के लिए राजभाषा संबंधी लक्ष्य निम्न प्रकार है। यहां यह ध्यान देना आवश्यक है कि परिषद के उल्लेखित "ख" क्षेत्र के संस्थानों का क क्षेत्र, ख क्षेत्र के साथ पत्राचार 90 प्रतिशत और ग क्षेत्र के साथ 60 प्रतिशत होना चाहिए।

क्र.सं.	**कार्य विवरण**	**"ख" क्षेत्र**
1.	हिंदी में मूल पत्राचार (ई-मेल सहित)	1. ख क्षेत्र से क क्षेत्र को - 90% 2. ख क्षेत्र से ख क्षेत्र को - 90% 3. ख क्षेत्र से ग क्षेत्र को - 60% 4. ख क्षेत्र से क व ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/व्यक्ति- 90%
2.	हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाना	100%

3.	हिंदी में टिप्पणी	55%
4.	हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम	65%
5.	हिंदी टंकण करने वाले कर्मचारी एवं आशुलिपिक की भर्ती	70%
6.	हिंदी में डिक्टेशन/की बोर्ड पर सीधे टंकण (स्वयं तथा सहायक द्वारा)	60%
7.	हिंदी प्रशिक्षण (भाषा, टंकण, आशुलिपि)	100%
8.	द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना	100%

ठीक इसी प्रकार परिषद के 'ग' क्षेत्र में स्थित संस्थानों जैसे-

- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय पारंपरिक चिकित्सा विज्ञान संस्थान (एनआईटीएम), बेलगावी**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय एनसीडी जानपदिक रोग विज्ञान संस्थान (एनआईएनई) बेंगलुरु,**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईएचआर), भुवनेश्वर**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय जानपदिक रोग विज्ञान संस्थान (एनआईई), चेन्नई**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय क्षयरोग अनुसंधान संस्थान (एनआईआरटी), चेन्नई**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईएचआर), डिब्रूगढ़**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय पूर्व-नैदानिक अनुसंधान संस्थान (एनआईपीसीआर), हैदराबाद**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एनआईएन), हैदराबाद**

- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय जीवाणु संक्रमण अनुसंधान संस्थान (एनआईआरबीआई) कोलकत्ता**
- **आईसीएमआर-राष्ट्रीय रोगवाहक नियंत्रण अनुसंधान संस्थान (एनआईवीसीआर), पुडुचेरी** आदि के लिए राजभाषा संबंधी लक्ष्य निम्न प्रकार है। यहां यह ध्यान देना आवश्यक है कि परिषद के उल्लेखित "ग" क्षेत्र के संस्थानों का क क्षेत्र, ख क्षेत्र और ग क्षेत्र के साथ पत्राचार 60 प्रतिशत होना चाहिए।

क्र.सं.	कार्य विवरण	'ग' क्षेत्र
1.	हिंदी में मूल पत्राचार (ई-मेल सहित)	1. ग क्षेत्र से क क्षेत्र को - 60% 2. ग क्षेत्र से ख क्षेत्र को - 60% 3. ग क्षेत्र से ग क्षेत्र को - 60% 4. ग क्षेत्र से क व ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/व्यक्ति- 60%
2.	हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाना	100%
3.	हिंदी में टिप्पणी	35%
4.	हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम	35%
5.	हिंदी टंकण करने वाले कर्मचारी एवं आशुलिपिक की भर्ती	45%
6.	हिंदी में डिक्टेशन/की बोर्ड पर सीधे टंकण (स्वयं तथा सहायक द्वारा)	35%
7.	हिंदी प्रशिक्षण (भाषा, टंकण, आशुलिपि)	100%
8.	द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना	100%

जैसा कि उल्लेखित सारणी में परिषद के सभी संस्थानों के पत्राचार, टिप्पण, प्रशिक्षण, डिक्टेशन, हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर आदि से संबंधित लक्ष्यों से

अवगत कराया गया है किंतु इन लक्ष्यों के अतिरिक्त प्रत्येक संस्थान द्वारा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु कुछ महत्वपूर्ण नियमों का अनुपालन किया जाना भी अनिवार्य है जिनमें से मुख्य हैः-

i. धारा 3 (3) के अंतर्गत आने वाले 14 प्रकार के दस्तावेज हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में साथ-साथ जारी किया जाना अनिवार्य है। इसकी अवहेलना संविधानिक उपबंधों का उल्लघंन माना जाएगा।

ii. प्रति तिमाही नियमित अंतराल में हिंदी कार्यशाला का आयोजन करना।

iii. प्रति तिमाही राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक निदेशक/समिति अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित करना।

iv. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सदस्यता प्राप्त कर प्रति छमाही होने वाली बैठकों में कार्यालय अध्यक्ष द्वारा भाग लेना।

v. संस्थान की सभी बैठकों की कार्यसूची और कार्यवृत हिंदी/द्विभाषी में जारी करना।

vi. राजभाषा विभाग द्वारा लागू 20,000 शब्दों की प्रोत्साहन योजना लागू करते हुए अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत करना। इसके अतिरिक्त आवश्यकता होने पर संस्थान के निदेशक के अनुमोदन से वैज्ञानिको, तकनीकि कार्मिकों के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना भी लागू की जा सकती है।

vii. आशुलिपिकों, टंककों और अवर श्रेणी लिपिकों को प्रशिक्षण हेतु नामित करना और आशुलिपिकों के लिए राजभाषा विभाग की प्रोत्साहन योजना लागू करना।

viii. कार्यालय की सभी फाइलों, रजिस्टरों एवं सेवा पुस्तिकाओं पर नाम एवं शीर्षक पहले हिंदी और फिर अंग्रेजी में लिखे एवं रजिस्टरों तथा सेवा पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां अनिवार्य रूप से हिंदी में की जाए।

ix. कार्यालय के पुस्तकालय हेतु पुस्तकों की खरीद करते समय पुस्तकालय बजट का 50 प्रतिशत हिंदी पुस्तकों की खरीद पर खर्च किया जाए।

x. कार्यालय के सभी कंप्यूटरों में यूनिकोड समर्थित microsoft indic software डलवाना और सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कंप्यूटर में अधिकाधिक टंकण करने हेतु प्रोत्साहित करना। कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए कर्मचारियों को नामित करना और कंप्यूटर कार्यशालाएं आयोजित करना।

xi. हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों के आयोजन द्वारा सकारात्मक वातावरण पैदा करना।

xii. राजभाषा नीति का आधार प्रेरणा, प्रोत्साहन और सदभाव है राजभाषा संबंधी अनुदेशों का अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाना चाहिए किंतु जान बूझकर राजभाषा संबंधी आदेशों की अवहेलना के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

हमारे देश में हिंदी भाषा का आंदोलन
उन लोगों ने चलाया जिनकी मातृभाषा
हिंदी नहीं थी। सुभाषचन्द्र बोस,
लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, काका
साहेब कालेलकर, राजगोपालाचारी
जिनकी मातृभाषा हिंदी नहीं थी, उन्होंने
हिंदी भाषा के लिए, उसके संरक्षण एवं
संवर्धन के लिए जो दीर्घदृष्टि से
काम किया वो हमें प्रेरणा देता है।

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

अध्याय - 3

तिमाही प्रगति रिपोर्ट (भाग-I एवं भाग-II) भरने हेतु मार्गदर्शिका

तिमाही प्रगति रिपोर्ट हमारे संस्थान/कार्यालय में हिंदी प्रयोग की वास्तविक स्थिति को दर्शाती है, यह एक औपचारिक दस्तावेज नहीं, बल्कि हिंदी के प्रगतिशील उपयोग का दर्पण है तथा संसदीय राजभाषा समिति, मंत्रालय एवं राजभाषा विभाग द्वारा की जाने वाली आकलन प्रक्रिया का आधार बनती है। यही कारण है कि यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसे हम प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के 15 दिन के भीतर अपने मुख्यालय को भेजते हैं जिसके आधार पर मुख्यालय द्वारा समीक्षा की जाती है और रिपोर्ट में राजभाषा संबंधी कमियों की ओर इस आशय से ध्यानाकर्षण किया जाता है ताकि संबंधित संस्थान/कार्यालय उन कमियों को दूर कर राजभाषा प्रयोग की दिशा में अग्रसर हो और यदि किसी संस्थान/कार्यालय का संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण किया जाए तो संस्थान/कार्यालय को समिति के सामने निराशाजनक स्थिति का सामना न करना पड़े। कई बार संबंधित मदों की सही जानकारी न होने, आंकड़ों के संकलन में असावधानी अथवा विभिन्न अनुभागों के मध्य समन्वय के अभाव में रिपोर्ट में त्रुटियां रह जाती हैं।

यहां इस संबंध में जानकारी देने का उद्देश्य त्रुटियां बताना मात्र नहीं, बल्कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सरल भाषा में यह समझाना है कि प्रत्येक मद में क्या सूचना दी जानी है तथा रिपोर्ट को और अधिक तथ्यात्मक एवं प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है।

इसके लिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं का पालन करना अपेक्षित है।

1. यह ध्यान रखना होगा कि तिमाही प्रगति रिपोर्ट का अद्यतित प्रपत्र राजभाषा विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया हुआ ही उपयोग में लिया जाए।
2. तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के 15 दिन के भीतर मुख्यालय को प्रेषित कर दी जाए। (15 अप्रैल, 15 जुलाई, 15 अक्टूबर, 15 जनवरी)
3. रिपोर्ट में मांगी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ कर यथार्थ रूप में सही और स्पष्ट जानकारी दी जाए न कि भ्रमित किए जाने का प्रयास किया जाए।
4. प्रत्येक तिमाही प्रगति रिपोर्ट के अंत में और प्रमाण-पत्र पर कार्यालय अध्यक्ष के मोहर सहित हस्ताक्षर होने चाहिए।

इस अध्याय में रिपोर्ट की एक-एक मद में भरी जाने वाली जानकारी को सरल शब्दों में बताने का इस प्रकार प्रयास किया गया है ताकि सभी **संस्थान** अपनी अपनी तिमाही प्रगति रिपोर्ट को गंभीरतापूर्वक लेते हुए एक एक मद को सही रुप में भरें।

भाग-1 मद संख्या 1

निदेशक/समकक्ष स्तर पर बैठकों एवं फाइलों में हिंदी का प्रयोग

इस मद के अंतर्गत **संस्थान/कार्यालय** द्वारा निदेशक/कार्यालयाध्यक्ष स्तर पर आयोजित बैठकों, जारी किए गए दस्तावेजों तथा फाइलों में हिंदी प्रयोग की स्थिति दर्शाई जाती है और इसके साथ ही **मुख्यालय** को सचिव स्तर पर आयोजित बैठकों, जारी किए गए दस्तावेजों तथा फाइलों में हिंदी प्रयोग की स्थिति दर्शाई जाती है किंतु सामान्यतः हम मद में बैठकों की कुल संख्या तो दे देते हैं किंतु कार्यसूची एवं कार्यवृत का विवरण नहीं दिया जाता। इसके लिए हमें चाहिए कि हम निम्न बातों का ध्यान रखें।

✓निदेशक/सचिव स्तर पर आयोजित सभी महत्वपूर्ण वैज्ञानिक/प्रशासनिक बैठकों का रिकॉर्ड रखा जाए।

✓बैठक की कार्यसूची एवं कार्यवृत्त यथासंभव हिंदी/द्विभाषी जारी किए जाएं।

✓आंकड़े अनुमान के आधार पर नहीं, बल्कि उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर दिए जाएं।

✓कुल जारी दस्तावेजों एवं हिंदी में जारी दस्तावेजों के आंकड़ों का पृथक-पृथक रिकॉर्ड रखा जाए।

मद संख्या 2

इस मद के अंतर्गत राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी 14 प्रकार के निम्न दस्तावेजों के बारे में ही मात्र जानकारी दी जानी होती है ये 14 प्रकार के दस्तावेज निम्न प्रकार हैः

1) **सामान्य आदेश**
2) **संकल्प**
3) **परिपत्र**
4) **नियम**
5) **प्रशासनिक एवं अन्य प्रतिवेदन**
6) **प्रैस विज्ञाप्तियां**
7) **संविदाएं**
8) **करार**
9) **अनुज्ञाप्तियां**
10) **निविदा प्रपत्र**
11) **अनुज्ञा पत्र**
12) **निविदा सूचनाएं**
13) **अधिसूचनाएं**
14) **संसद के समक्ष रखे जाने वाले प्रतिवेदन तथा कागज पत्र**

किंतु अक्सर यह देखा गया है कि हम रिपोर्ट भरते समय धारा 3(3) और पत्राचार के बीच अंतर समझने में भूल कर जाते हैं। हमें यह ध्यान देना होगा कि इस मद में केवल मात्र उल्लेखित 14 प्रकार के दस्तावेज से संबंधित

जानकारी ही दी जानी है। <u>संस्थान/कार्यालय से जारी होने वाले पत्राचार को इसमे कतई शामिल नहीं करना है</u>। यह भी ध्यान रखे कि ये दस्तावेज अनिवार्य रूप से एक साथ द्विभाषी में जारी किए जाएं और जारी किए गए दस्तावेजों की संख्या की जानकारी इस मद में दी जाए। इस अधिनियम का अनुपालन नहीं करने पर यह संविधानिक उपबंधों की अवहेलना माना जाएगा जिसे अत्यंत गंभीरता पूर्वक लिया जाता है। इसके लिए हमे ध्यान रखना होगा कि...

- सभी अनुभागों में धारा 3(3) दस्तावेजों का अलग रिकॉर्ड रखा जाए और 14 प्रकार के दस्तावेजों में से केवल संस्थान/कार्यालय से संबंधित दस्तावेज ही शामिल किए जाने है जैसेकि **सामान्य आदेश (कार्यालय ज्ञापन, कार्यालय आदेश, विज्ञापन), परिपत्र, प्रैस विज्ञाप्तियां, संविदाएं, करार, अनुज्ञाप्तियां, निविदा प्रपत्र, अनुज्ञा पत्र, निविदा सूचनाएं, अधिसूचनाएं** आदि ही मुख्यतः संस्थानों से जारी किए जाते है। शेष दस्तावेज मुख्यालय और संसद से संबंधित होते है, संस्थानों से संबंधित नहीं होते है।

मद संख्या 3

हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर

इस मद के अतंर्गत केवल हिंदी में प्राप्त पत्रों और उनके उत्तर संबंधी आंकड़ों का विवरण दिया जाना होता है। राजभाषा अधिनियम 1976 के नियम 5 के अनुसार हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिया जाना अनिवार्य है। इसका उल्लंघन संविधानिक उपबंधों की अवहेलना माना जाएगा। अतः हमें यह ध्यान रखना होगा कि

✓हिंदी में प्राप्त पत्र एवं ई-मेल का भी रिकॉर्ड रखा जाए।

✓अनुभागों द्वारा भी हिंदी मेँ प्राप्त पत्रों का एक अलग रजिस्टर रखा जाए।

✓इसके लिए सभी अनुभागों में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए और संबंधित को लिखित रुप मेँ इसका उतरदायित्व सौँपा जाए।

मद संख्या 7

हिंदी कार्यशालाः- जैसा कि आप सभी जानते है कि राजभाषा अधिनियम के तहत प्रति तिमाही एक हिंदी कार्यशाला नियमित अंतराल में किया जाना आवश्यक है संबंधित कार्यशाला में व्याख्याताओ को आमंत्रित कर निम्न विषयों पर व्याख्यान, अभ्यास और चर्चा की जा सकती है। जिसमें मुख्य है 1) राजभाषा नीति औऱ नियम अधिनियम 2) पत्राचार 3) टिप्पण प्रारूपण 4) वर्तनी संबंधी भूलें और उनका समाधान 5) हिंदी व्याकरण 6) कार्यालयी कार्य में हिंदी 7) राजभाषा हिंदी का परिचय और इतिहास आदि। इन विषयों के अतिरिक्त सभी के लिए उपयोगी सामान्य विज्ञानीय या स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर भी वर्ष में एक हिंदी कार्यशाला की जा सकती है।

यहां हमें यह जानना आवश्यक है कि वर्ष भर में आयोजित की जाने वाली चार कार्यशालाओं में संस्थान/कार्यालय के लगभग सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बारी-बारी से शामिल किया जाए। अक्सर संस्थानों द्वारा इस कॉलम में "लागू नहीं" लिख दिया जाता है। यदि कार्यशाला की जाती है, तो उसकी प्रतिभागियों की संख्या शून्य अंकित कर दी जाती है जो कि हमारी रिपोर्ट भरने में लापरवाही दर्शाती है। अतः कृपया इस कॉलम को भरते समय और कार्यशाला आयोजित करते समय निम्न बिंदुओं का ध्यान रखा जाए।

✓प्रत्येक तिमाही में एक हिंदी कार्यशाला अवश्य आयोजित की जाए।

✓कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति सूची, विषय, आदि का रिकॉर्ड रखा जाए।

मद संख्या 8

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकः- जैसाकि हम सभी इस बात से अवगत है कि प्रत्येक संस्थान/कार्यालय द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन करना अनिवार्य है जिसके अध्यक्ष कार्यालय प्रमुख/निदेशक होंगे और सदस्य के रूप में प्रशासन अधिकारी, वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी, लेखा अधिकारी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी और प्रभागाध्यक्षों को शामिल किया जाना चाहिए। प्रत्येक

तिमाही राजभाषा कार्यान्वयन समिति की एक बैठक नियमित अंतराल (15 अप्रैल, 15 जुलाई, 15 अक्टूबर, 15 जनवरी तक) में किया जाना अनिवार्य है जिसमे कि संस्थान/कार्यालय की तिमाही प्रगति रिपोर्ट और राजभाषा प्रगति की समीक्षा एवं समाधान और सुझावों पर चर्चा की जाती है। इसकी कार्यसूची एवं कार्यवृत हिंदी में जारी किए जाएं।

मद संख्या 9

विशेष उपलब्धियां/उल्लेखनीय कार्यः- देखा गया है कि इस मद को खाली छोड़ दिया जाता है या सामान्य कार्यों को उपलब्धि के रूप में दर्शा दिया जाता है किंतु इस मद के अंतर्गत राजभाषा हिंदी में आयोजित विज्ञानीय, प्रशासनिक, स्वास्थ्य जागरूकता संबंधित कार्यक्रम, विज्ञानीय प्रशिक्षण, विज्ञानीय कार्य, गतिविधियों, हिंदी प्रकाशन, राजभाषा के क्षेत्र में संस्थान को प्राप्त पुरस्कार/सम्मान और जनउपयोगी कार्य आदि को शामिल किया जाता है जोकि राजभाषा अधिनियम के अनुपालन और राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने की दिशा में किए गए असाधारण प्रयास एवं उपलब्धियां हो।

भाग-II : वार्षिक सूचना से संबंधित जानकारी

(प्रत्येक वर्ष की मार्च में समाप्त होने वाली तिमाही प्रगति रिपोर्ट के साथ भेजा जाने वाला प्रपत्र)

मद संख्या 1

राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10(4) के अंतर्गत अधिसूचना- इस मद के अंतर्गत संस्थान/कार्यालय के अधिसूचित होने संबंधित जानकारी मांगी जाती है किंतु कार्यालयो द्वारा "लागू नहीं" अंकित कर दिया जाता है जो कि सही एवं सटीक जानकारी नहीं है क्योंकि अधिसूचित होने या नहीं पर भी "लागू नहीं" लिखना सही नहीं है। अतः इस मद के अंतर्गत स्पष्ट रूप से मांगी गई जानकारी को भली-भांति पढ़ा जाए और सूचना दी जाए। इसे स्पष्ट रूप से कोष्ठक में भी दिया गया है।

इस संबंध में निम्नलिखित बिंदुओं का ध्यान रखें।

✓यदि कार्यालय के कुल अधिकारियों/कर्मचारियों में से 80% को कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त हो, तो कार्यालय द्वारा अपने मुख्यालय को पत्र द्वारा अधिसूचित करवाए जाने का अनुरोध किया जाए और उसके साथ ही अपने 80% कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण भेजा जाए। इसके लिए **पुस्तिका के अंत में प्रपत्र संलग्न किया गया है** जिसमें विवरण भरकर भेजा जाए।

✓कार्यालय को अधिसूचित करवाने हेतु कार्यालय के कुल अधिकारियों/कर्मचारियों में से यदि 80 प्रतिशत कार्यसाधक नहीं है, तो अधिकाधिक कर्मचारियों को कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त करवाने हेतु प्रशिक्षण दिलवाया जाए।

मद संख्या 2

मद 2 (i) : अधिकारियों/कर्मचारियों का हिंदी ज्ञान इस मद के अंतर्गत (क) संस्थान/कार्यालय के कुल अधिकारियों की संख्या (ख) अनुसचिवीय कार्य से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के अंतर्गत प्रशासनिक कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या का उल्लेख किया जाना है। (ग) के अंतर्गत कार्यसाधक और प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या देते समय यह ध्यान रखा जाए कि कार्यसाधक और प्रवीणता प्राप्त की परिभाषा के अनुसार अधिकारियों/कर्मचारियों को विभक्त किया जाए (घ) और (ड़) में उन्हीं कर्मचारियों की संख्या दर्शाई जाए जो कि 'ग' में दर्शाई गई संख्या के अतिरिक्त शेष बचे अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या हो। यह तभी संभव होगा जब हम कार्यसाधक और प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों का अलग रोस्टर रखें और उसे प्रति तिमाही अद्यतित करते रहें।

✓कुल कर्मचारियों की संख्या और हिंदी जानने वाले कर्मचारियों की संख्या में अंतर समझना।

✓"हिंदी में प्रवीणता"[1] और "कार्यसाधक ज्ञान"[2] की परिभाषा में अंतर समझना।

उदाहरणत: यदि किसी संस्थान/कार्यालय में 100 कर्मचारी हैं और 10 प्रवीणता प्राप्त है और 80 कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है, तो प्रशिक्षण हेतु शेष संख्या 20 नहीं हो सकती। यह संख्या 10 होनी चाहिएं। इसके लिए प्रत्येक संस्थान/कार्यालय द्वारा अपना एक रोस्टर बनाया जाए जिसमें कर्मचारियों/अधिकारियों के हिंदी ज्ञान की स्थिति रखे और समय-समय पर नए आने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों से हिंदी ज्ञान की स्थिति का प्रपत्र (**इस पुस्तिका के अंत में संलग्न है**) भरवा कर उसे अद्यतित किया जाए और उसी रोस्टर के आधार पर तिमाही प्रगति रिपोर्ट में अधिकारियों/कर्मचारियों की कुल संख्या, प्रवीणता प्राप्त कार्मिकों, कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रविष्टि की जाए।

मद संख्या 2(ii) : हिंदी आशुलिपि एवं हिंदी टंकण का ज्ञान - सामान्यतः इस मद के अंतर्गत हिंदी शब्द देख कर संस्थान/कार्यालय द्वारा यह जानकारी हिंदी अनुभाग से संबंधित मान ली जाती है किंतु इसके अंतर्गत संस्थान/कार्यालय के सभी आशुलिपिकों, सहायको और टंककों की कुल संख्या दी जानी है और

1. *हिंदी में प्रवीणता - किसी कर्मचारी के बारे में यह समझा जाएगा कि उसे हिंदी में प्रवीणता प्राप्त है यदि उसने-*
   (क) मैट्रिक परीक्षा या उसके समकक्ष या उससे उच्चतर कोई परीक्षा हिंदी को माध्यम के रूप में अपनाकर उत्तीर्ण की है; अथवा
   (ख) स्नातक परीक्षा में अथवा स्नातक परीक्षा के समकक्ष या उससे उच्चतर किसी अन्य परीक्षा में हिंदी को उसने एक वैकल्पिक विषय के रूप में लिया था; अथवा
   (ग) वह यह घोषणा करता है कि उसे हिंदी में प्रवीणता प्राप्त है।
2. *हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान - किसी कर्मचारी के बारे में यह समझा जाएगा कि उसने हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, यदि उसने-*
   (i) मैट्रिक परीक्षा या उसके समकक्ष या उससे उच्चतर परीक्षा हिंदी विषय के साथ उत्तीर्ण की है; अथवा
   (ii) केंद्रीय सरकार की हिंदी शिक्षण योजना के अन्तर्गत आयोजित प्राज्ञ परीक्षा या उस सरकार द्वारा किसी विशिष्ट वर्ग के पदों के संबंध में निर्धारित कोई निम्नस्तर परीक्षा उत्तीर्ण की है; अथवा
   (iii) केंद्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त विनिर्धारित कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है; या
   (iv) यदि वह यह घोषणा करता है कि उसने ऐसा ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

अगले कॉलम में उनमें से हिंदी में प्रशिक्षित आशुलिपि, टंकक, डाटा एंट्री ऑपरेटर की संख्या दी जानी है अर्थात हिंदी आशुलिपि में प्रशिक्षित की संख्या देनी है हिंदी में प्रशिक्षित टंकक, डाटा एंट्री ऑपरेटर का तात्पर्य केवल हिंदी टंकण में प्रशिक्षित टंकक, डाटा एंट्री ऑपरेटर की संख्या दी जानी है।

मद संख्या 2 (iii) : अनुवाद कार्य का ज्ञान - इस मद के अंतर्गत संस्थान/कार्यालय के हिंदी अनुभाग के अंतर्गत अनुवाद संबंधी कार्य करने वाले हिंदी संबंधी पदों की जानकारी दी जानी होती है न कि कोई भी पदधारी जिससे हिंदी अनुवाद का कार्य करवाया जा रहा है।

मद संख्या 3 : कंप्यूटर पर हिंदी में टंकण करने के लिए प्रशिक्षण- इस मद संख्या में कुल अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या की तुलना में कंप्यूटर पर हिंदी कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या कम दिखाई जाती है। इस संबंध में संस्थान/कार्यालय के सभी कंप्यूटरों में यूनिकोड समर्थित माइक्रोसॉफ्ट इंडिक सॉफ्टवेयर डाउनलोड करवा दिया जाए और सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को इसके बारे में जानकारी देकर प्रशिक्षित कर दिया जाए या कंप्यूटर पर हिंदी टंकण विषय पर कार्यशालाएं आयोजित करवाई जाए। केंद्रीय हिंदी शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान से कंप्यूटर प्रशिक्षण दिलवाया जाए ताकि कंप्यूटर पर हिंदी में काम करने वालों की संख्या सही दर्शाई जा सके।

मद संख्या 4 : कंप्यूटर/लैपटॉप से संबंधित विवरण - इस मद के अंतर्गत भी कुल कंप्यूटर और लैपटॉप की संख्या और यूनिकोड समर्थित कंप्यूटर/लैपटॉप की संख्या दर्शाया जाना है जबकि संस्थान/कार्यालय के सभी कंप्यूटरों और लैपटॉप को यूनिकोड समर्थित किया जाना आवश्यक है। यदि सभी कम्प्यूटर में हिंदी में कार्य की सुविधा उपलब्ध होगी तो कर्मचारी कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।

मद संख्या 5 : कोड, नियम, मैनुअल एवं प्रक्रिया साहित्य (राजभाषा नियम, 1976 का नियम 11) - इस मद के अंतर्गत मैनुअल, संहिताएं, प्रक्रिया संबंधी साहित्य एवं प्रपत्र आदि हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है किंतु आईसीएमआर के संस्थान/केंद्र सामान्यतः परिषद मुख्यालय एवं भारत सरकार द्वारा जारी नियमों, संहिताओं, मैनुअलों एवं दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हैं, इसलिए इस मद के अंतर्गत "लागू नहीं" लिखा जाए किंतु कई बार (ख) मानकीकृत प्रपत्र के अंतर्गत भी शून्य अंकित कर दिया जाता है जोकि बिलकुल गलत जानकारी है क्योंकि कोई भी ऐसा संस्थान/कार्यालय नहीं है जिसके अपने सामान्य प्रपत्र न होते हो। अतः इस मद में संस्थानों द्वारा मुख्य रूप से अपने स्तर पर उपयोग किए जाने वाले प्रपत्रों (Forms/Proformas) की संख्या दी जानी होती है। जैसेकि

- छुट्टी, एलटीसी, मेडिकल आवेदन प्रपत्र
- दावा प्रपत्र
- प्रशासनिक/स्थापना संबंधी प्रारूप
- खरीद एवं भंडार संबंधी प्रपत्र
- कर्मचारी सेवा संबंधी प्रपत्र
- अन्य आंतरिक उपयोग संबंधी प्रपत्र आदि

✓सभी प्रपत्र द्विभाषी/त्रिभाषी (क्षेत्रीय भाषा, हिंदी, अंग्रेजी) रूप में उपलब्ध कराए जाएं।

✓द्विभाषी प्रपत्र संस्थान/केंद्र की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएं, ताकि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उनका आसानी से उपयोग कर सकें।

✓प्रत्येक संस्थान/कार्यालय अपनी वेबसाइट पर "कर्मचारी कॉर्नर/Employee Corner" पर ये प्रपत्र उपलब्ध करा सकता है।

✓समय-समय पर यह सुनिश्चित किया जाए कि वेबसाइट पर उपलब्ध प्रपत्रों को अद्यतित किया जाए, नए प्रपत्र भी द्विभाषी/त्रिभाषी रूप में ही उपलब्ध/अद्यतित किए जाएं।

मद संख्या 6 : राजभाषा नियम 8(4) के अंतर्गत व्यक्तिशः आदेश - राजभाषा नियम 8(4) के अंतर्गत हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने हेतु व्यक्तिशः आदेश जारी किया जाना अनिवार्य है। इस मद के अंतर्गत वर्ष में दो बार उल्लेखित व्यक्तिशः आदेश प्रत्येक प्रवीणता प्राप्त अधिकारी/कर्मचारी के नाम से जारी किया जाता है। इस संबंध में संस्थान/कार्यालय द्वारा अपने अधिकारियों/कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान संबंधी रोस्टर (जिसका पूर्व में उल्लेख किया गया है) में से प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची तैयार कर यह आदेश उन्हीं को ही जारी किए जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारी जिन्हें व्यक्तिशः आदेश जारी किए गए हैं, वे सभी अपना समग्र कार्य शत-प्रतिशत हिंदी में ही करें।

मद संख्या 7/8 : राजभाषा निरीक्षण - इस मद के अंतर्गत संस्थान/कार्यालय के कुल अनुभागों की संख्या, उन अनुभागों में से कितनो का राजभाषा निरीक्षण किया गया और (ख) कार्यालय प्रमुख द्वारा जिन अनुभागों को अपना समग्र कार्य हिंदी में करने हेतु विनिर्दिष्ट किया गया है उनकी संख्या दी जानी अपेक्षित होती है। इस मद को खाली न छोड़ कर सही जानकारी दी जाए। इसके लिए तिमाही बैठक में चर्चा के पश्चात् निर्णय लिया जाए और अध्यक्ष महोदय के निदेशानुसार कुल अनुभागों में से दो अनुभागों को समग्र कार्य हिंदी में करने के लिए विनिर्दिष्ट किया जाए। इस प्रकार प्रति तिमाही एक या दो अनुभागों को और वर्ष भर में बारी-बारी से सभी अनुभागों को अपना समग्र कार्य हिंदी में करने के लिए विनिर्दिष्ट किया जाए ताकि संस्थान/कार्यालय में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा मिल सके।

मद : हिंदी पुस्तकों की खरीद - इस मद के अंतर्गत नियमानुसार पुस्तकालय बजट का 50 प्रतिशत हिंदी पुस्तकों पर खर्च किया जाना अनिवार्य है इससे संबंधित जानकारी भी खाली न छोड़ कर सही जानकारी दी जाए। हिंदी पुस्तकों

की सूची के संबंध में संस्थान/कार्यालय हिंदी साहित्य, चिकित्सा विज्ञान, स्वास्थ्य अनुसंधान, प्रशासन, तकनीकी विषय, राजभाषा संदर्भ सामग्री आदि से संबंधित पुस्तके या तो स्वयं या राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हिंदी पुस्तकों की सूची में से चयन कर सकते है।

मद संख्या 11/12 : उप सचिव/समकक्ष एवं उनसे उच्च स्तर के अधिकारियों द्वारा हिंदी में कार्य - इस मद के अंतर्गत उप सचिव स्तर के अधिकारियों के अंतर्गत पे लेवल 11 और उससे अधिक पे-लेवल वाले अधिकारियों को शामिल किया जाए और उनके द्वारा हिंदी में किए गए कार्य के प्रतिशत की जानकारी दी जानी अपेक्षित है अर्थात संबंधित अधिकारी अपना कितना प्रतिशत कार्य हिंदी में करते है। हिंदी कार्य के अंतर्गत टिप्पण, प्रारूपण, पत्राचार, प्रविष्टियां और मैखिक चर्चाएं शामिल है।

मद संख्या 13 : वेबसाइट - इस मद के अंतर्गत वेबसाइट के पूर्णतः/आंशिक रूप से द्विभाषी होने संबंधी जानकारी मांगी जाती है। ध्यान रहे कि संस्थान/कार्यालय की वेबसाइट द्विभाषी होना अनिवार्य है और उसका प्रथम पेज खुलते ही हिंदी/अंग्रेजी का विकल्प अवश्य होना चाहिए।

मद संख्या 15: नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) - इस मद के अंतर्गत प्रत्येक संस्थान/कार्यालय को अपने नगर के संबंधित क्षेत्र की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) का सदस्य होना और प्रत्येक छमाही बैठको में हिंदी अधिकारी के साथ कार्यालय प्रमुख/निदेशक का भाग लेना अनिवार्य है। इसे कार्यालय अध्यक्ष द्वारा गंभीरता से लिया जाए क्योंकि रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से भाग लेने वाले अधिकारी/कार्यालय अध्यक्ष के नाम भी पूछे जाते है।

यदि इस प्रकार उल्लेखित दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए तिमाही प्रगति रिपोर्ट को गंभीरतापूर्वक भरेंगे और समय पर अपने मुख्यालय को प्रेषित करेंगे

तो निश्चित रूप से संस्थान में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की स्थिति सुदृढ़ होगी और संस्थान का संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किया जाने वाला निरीक्षण सफल होने पर कार्यालय अध्यक्ष गर्व महसूस करेंगे।

****

तिमाही प्रगति रिपोर्ट हमारे हिंदी कार्यों की पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं सुधार सुनिश्चित करती है। यदि हम सही, समयबद्ध और गुणवत्ता-पूर्ण तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें, तो यह न केवल रिपोर्ट होगी, बल्कि हिंदी के उन्नयन का मार्गदर्शक दस्तावेज़ बनेगी।

अध्याय - 4

संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली

भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर संसदीय राजभाषा समिति द्वारा केंद्र सरकार के कार्यालयों का राजभाषायी निरीक्षण किया जाता है। यह एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति है। इस निरीक्षण का उद्देश्य संबंधित कार्यालय की राजभाषा संबंधी कमियों मात्र को इंगित करना नहीं है, बल्कि कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की प्रगति का मूल्यांकन करना और पाई गई कमियों के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना है।

आईसीएमआर केंद्र सरकार का एक स्वायत संगठन है जिसके अधीन देश के विभिन्न भागों में लगभग 27 संस्थान/कार्यालय है। संसदीय राजभाषा समिति द्वारा समय-समय पर इन संस्थानों का राजभाषायी निरीक्षण किया जाता है जिसके दौरान निरीक्षण प्रश्नावली में पाई गई कमियों के कारण कार्यालय प्रमुख को निराशा का सामना करना पड़ता है। यहीं कारण है कि इस "आईसीएमआर राजभाषा संदर्शिका"के विभिन्न अध्यायों में दी गई जानकारी और सूचना के आधार पर तिमाही प्रगति रिपोर्ट भरी जाए क्योंकि समिति द्वारा निरीक्षण की आकस्मिक सूचना प्राप्त होने पर गतवर्ष की चारों तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकड़े ही समेकित रूप से निरीक्षण प्रश्नावली में भरे जाते हैं। प्रत्येक संस्थान/कार्यालय को यह ध्यान रखना होगा कि तिमाही प्रगति रिपोर्ट केवल मात्र एक दस्तावेज नहीं है वरन संसदीय राजभाषा समिति के सम्मुख प्रस्तुत संस्थान/कार्यालय की राजभाषा संबंधी प्रगति की एक वार्षिक छवि है और उसी रिपोर्ट के आधार पर समिति सदस्यों द्वारा निरीक्षण किया जाता है। हमें चाहिए कि हम अपने दैनंदित सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करते हुए राजभाषा नियम-अधिनियम के अनुपालन

की दिशा में अग्रसर हो ताकि यह हमारी राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट और संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली में भी दृष्टिगोचर हो।

आईसीएमआर संस्थानों में संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किए जाने वाले राजभाषायी निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित सामान्य बिंदुओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

1. संस्थानों द्वारा उसी अद्यतित निरीक्षण प्रश्नावली का उपयोग किया जाए जो कि समिति द्वारा निरीक्षण कार्यक्रम के साथ भेजी गई हो।
2. प्रश्नावली भरते समय प्रश्नावली के पृष्ठों की सेटिंग वही होनी चाहिए जो कि खाली प्रश्नावली की होती है।
3. निरीक्षणाधीन संस्थान द्वारा समिति सचिवालय में जमा की जाने वाली प्रश्नावली की 14 प्रतियों पर प्रश्नावली के अंत में निदेशक/कार्यालय अध्यक्ष के मोहर सहित मूल हस्ताक्षर हो।
4. प्रश्नावली के आरंभ में दी गई अनुलग्नकों की सूची तदानुसार प्रश्नावली के अंत में ही संलग्न की जाए।
5. प्रश्नावली में दी गई प्रत्येक सूचना संबंधित अभिलेखों, रजिस्टरों, तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा उपलब्ध आंकड़ों से सत्यापित कर ही भरी जाए।

निरीक्षण प्रश्नावली की मद अनुसार सूचना भरते समय निम्नलिखित बिंदुओं का ध्यान रखा जाए।

1. मद संख्या 1 से 5 के अंतर्गत संस्थान/कार्यालय की मूल जानकारी (नाम, पता, ई-मेल) सही और सटीक भरी जाए।
2. मद संख्या 6 (I) के बिंदु (i) से (iv) के अंतर्गत ध्यान रहे किः-
    - बिंदु (ii) तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों की **कुल संख्या** और बिंदु (iii) प्रवीणता प्राप्त एवं (iv) कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारियों की **कुल संख्या** दोनों बराबर होनी चाहिए।

- प्रवीणता प्राप्त और कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारियों की संख्या संस्थान/कार्यालय द्वारा बनाए गए हिंदी ज्ञान की स्थिति के रोस्टर से भरी जाए जोकि तिमाही प्रगति रिपोर्ट में भरी गई जानकारी से मेल खाता हो।
- बिंदु (vi) के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए वही शेष बताएं जो कि तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों की कुल संख्या में से प्रवीणता प्राप्त और कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त की कुल संख्या घटाने के बाद शेष बचे, वहीं संख्या इस बिंदु के उत्तर में भरी जाएगी।

3. मद संख्या 6 (II) के अंतर्गत अनुसचिवीय* प्रशासनिक कार्य से संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों की सूचना भरते समय भी उल्लेखित मद संख्या 6 (II) के अंतर्गत (i) से(vi) तक में दी गई जानकारी केवल मात्र प्रशासनिक कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों से संबंधित है।
4. मद संख्या 7 के अंतर्गत कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हिंदी में कार्य के प्रतिशत की सूचना दी जानी है। इस जानकारी में मद संख्या 7 के अंतर्गत कॉलम 6 (I) में राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों की कुल संख्या पिछले पृष्ठ की मद संख्या 6(1) में दी गई तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों की कुल संख्या से मेल होनी चाहिए।

** अनुसचिवीय कर्मचारियों से तात्पर्य उन सभी कर्मचारियों से (श्रेणी 'घ' के कर्मचारियों को छोड़कर) है जिसके पद लिपिक वर्गीय कार्यों के लिए मंजूर किए गए है भले ही वे तकनीकी या वैज्ञानिक कर्मचारी या अधिकारी हों।*
इसके अतिरिक्त जिन तकनीकी और वैज्ञानिक अधिकारियों/कर्मचारियों को अनुसचिवीय कार्य (जैसे टिप्पण, प्रारूपण, पत्र लेखन, लेखाकरण आदि) सौंपा गया है उनको भी हिंदी पदों की गणना में शामिल किया जाए।

- ठीक उसी प्रकार मद संख्या 7 के अंतर्गत कॉलम 6 (II) में राजपत्रित, अराजपत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों की कुल संख्या पिछले पृष्ठ की मद संख्या 6(II) में दी गई अनुसचिवीय/प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या से मेल होनी चाहिए।
- मद संख्या 7 के अंतर्गत अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्य का प्रतिशत भरते समय यह ध्यान रखे कि इसके अंतर्गत संबंधित कर्मचारियों द्वारा किया जाने वाला समग्र हिंदी कार्य जिसमें पत्राचार, टिप्पण, कंप्यूटर टंकण, रजिस्टर एवं डायरी प्रविष्टि और मौखिक चर्चाएं भी शामिल है। अलग-अलग प्रतिशत के हिंदी में कार्य करने वाले सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का कुल योग, वस्तुतः कुल तैनात कार्मिकों के बराबर होना चाहिए क्योंकि यहां कार्यालय के सभी कर्मचारियों द्वारा राजभाषा में कार्य का प्रतिशत की सूचना मांगी जाती है। यह भी ध्यान रहे कि यहां शत-प्रतिशत हिंदी में कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के अंतर्गत प्रवीणता प्राप्त को भी शामिल किया जाए जो अपना शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करते है।

5. मद संख्या 8 के अंतर्गत मांगी गई जानकारी उप सचिव एवं उससे उच्च स्तर के अधिकारियों से संबंधित है इसके अंतर्गत जैसाकि तिमाही प्रगति रिपोर्ट में पे-लेवल 11 एवं उससे उच्च स्तर के अधिकारियों को शामिल किए जाने के बारे में जानकारी दी गई थी, वहीं संख्या भरी जानी है। प्रयास यह रहे कि उप सचिव स्तर के प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों को अपना अधिकाधिक कार्य (कंप्यूटर टंकण, टिप्पण, श्रुतलेख आदि) हिंदी में किए जाने हेतु प्रेरित किया जाए। ताकि उनके कार्य का प्रतिशत लक्ष्य अनुरूप हो सकें और इन प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों की संख्या भाग-II की मद संख्या 4 (i व iv)के अंतर्गत अवश्य शामिल की जाए।

भाग - II

1. **मद संख्या 1.1** के अंतर्गत धारा 3(3) के अंतर्गत जारी 14 प्रकार के दस्तावेज (अध्याय - तिमाही प्रगति रिपोर्ट में उल्लेखित) जोकि एक साथ हिंदी-अंग्रेजी (द्विभाषी) में जारी होने अनिवार्य है। संस्थान/कार्यालय का प्रयास यह होना चाहिए कि संबंधित दस्तावेजों की केवल अंग्रेजी और केवल हिंदी में संख्या शून्य हो। सभी दस्तावेज हिंदी-अंग्रेजी में एक साथ जारी किए जाएं। इसके लिए हस्ताक्षरकर्ता को जांच बिंदु अधिकारी बनाया जाए जो कि हस्ताक्षर से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेज अनिवार्य रूप से द्विभाषी में हो।
    - ध्यान रहे कि इस नियम का उल्लंघन संविधानिक उपबंधों की अवहेलना माना जाएगा जिसे गंभीरता पूर्वक लिया जाता है।
2. **मद संख्या 2** के अंतर्गत संस्थान/कार्यालय को केवल मात्र हिंदी में प्राप्त पत्रों की कुल संख्या दी जानी है और राजभाषा अधिनियम 1976 के नियम 5 के अंतर्गत हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर अनिवार्य रूप से हिंदी में ही दिया जाना चाहिए। इसके लिए संस्थान/कार्यालय के प्रशासन अधिकारी, अनुभाग अधिकारियों और हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी को जांच बिंदु अधिकारी बनाया जाए। जांच बिंदु अधिकारी हस्ताक्षर से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिए जाएं।
3. **मद संख्या 3** के अंतर्गत कार्यालय को अधिसूचित किए जाने संबंधी सूचना दी जानी है। इसके अंतर्गत प्रत्येक संस्थान/कार्यालय जिसके 80 प्रतिशत अधिकारियों/कर्मचारियों ने कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है उन अधिकारियों/कर्मचारियों का रिकॉर्ड रखते हुए परिषद मुख्यालय को उनका विवरण भेज कर संस्थान/कार्यालय को अधिसूचित करवाए जाने संबंधी पत्र भेजा जाए। कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारियों का विवरण भी संस्थान/कार्यालय द्वारा हिंदी ज्ञान की स्थिति के रोस्टर से लिया जाए। **इससे संबंधित प्रपत्र इस पुस्तिका के अंत में दिए गए है।**

4. **मद संख्या 4** के अंतर्गत संस्थान/कार्यालय को प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों को दिए जाने वाले व्यक्तिशः आदेश की सूचना दी जानी है। इस संबंध में ध्यान रखा जाए कि

   - वर्ष में 2 बार संस्थान/कार्यालय के प्रवीणता प्राप्त सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यालय प्रमुख के हस्ताक्षर से व्यक्तिशः आदेश जारी किया जाए जिसमें स्पष्ट आदेश दिया जाए कि सभी प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपना समग्र सरकारी कार्य राजभाषा हिंदी में ही किया जाए। इसकी अवहेलना किए जाने पर आवश्यक कार्रवाई किए जाने का भी उल्लेख किया जाए।
   - मद संख्या 4(v) के अंतर्गत अपना शतप्रतिशत कार्य हिंदी में करने वाले प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या देते समय कृपया ध्यान रहे कि इसके अंतर्गत भाग-I की मद संख्या 7(vii) में दी गई संख्या को भी जोड़ा जाए। इस कॉलम की संख्या से भाग-I की मद संख्या 7 (vii) में दी गई संख्या से कम नहीं होनी चाहिए अन्यथा विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी क्योंकि भाग-I की मद संख्या 7(vii) में भी शतप्रतिशत कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या दर्शाई गई है जिसे इसमें शामिल किया जाना अपेक्षित है।

5. **मद संख्या 5 (i) एवं (ii)** के अंतर्गत संस्थान/कार्यालय के सभी रजिस्टरों के शीर्ष, शीर्षक और प्रविष्टियां हिंदी में हो। इसके साथ ही (ii) के अंतर्गत दी गई सूचनाएं (रबड़ की मोहर, साइन बोर्ड, मोहर, पत्र शीर्ष, नामपट्ट, विजिटिंग कार्ड, बैज/बिल्ले, लोगो, चार्ट/नक्शे) द्विभाषी ही हो और केवल अंग्रेजी में शून्य होना चाहिए। इस संबंध में संस्थान/कार्यालय द्वारा जांच बिंदु स्थापित किए जाएं और इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

भाग - III

1. **मद संख्या 1** के अंतर्गत 'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्र का अपने क्षेत्र में आने वाले कार्यालयों और अन्य क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले कार्यालयों के साथ होने वाले पत्राचार के लक्ष्यों से हम सभी अवगत है। जिसे इसी संदर्शिका के "विभिन्न संस्थानों के क्षेत्र अनुसार राजभाषा संबंधी लक्ष्य" शीर्षक में भी स्पष्ट बताया गया है। इस संबंध में ध्यान रहे कि -:
    - प्रत्येक संस्थान/कार्यालय द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के अनुसार राजभाषा विभाग के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरुप पत्राचार के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रयास किए जाएं।
    - पत्राचार का प्रतिशत लक्ष्यानुसार न होने पर समिति की भर्त्सना का सामना करना पड़ सकता है।
    - भाग-III की मद संख्या - 1 के (I से VI) तक संस्थान/कार्यालय को **प्राप्त पत्रों** और उनके **हिंदी में उत्तर** के प्रतिशत की जानकारी दी जानी है। अक्सर देखा गया है कि इस मद के अंतर्गत पत्राचार के प्रतिशत और भाग-I की मद संख्या 7 में संस्थान/कार्यालय द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्य के प्रतिशत में काफी विरोधाभास पाया जाता है। कभी-कभी संस्थानों द्वारा पत्राचार का प्रतिशत अधिक किंतु अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्य का प्रतिशत उससे बहुत कम दर्शाया जाता है हालांकि कार्य के प्रतिशत में अधिकारियों/कर्मचारियों के टिप्पण, टंकण, मौखिक चर्चाए आदि भी शामिल होते है, इसलिए वह पत्राचार प्रतिशत से कुछ अधिक भी हो सकता है।
    - इस मद संख्या की प्रमाणिकता के लिए संस्थान/कार्यालय को वर्ष के दौरान जांच बिंदु स्थापित किए जाने आवश्यक है जिसके अंतर्गत क, ख और ग क्षेत्र से प्राप्त पत्र और उनके हिंदी में उत्तर दिए जाने के साथ ही संस्थान/कार्यालय द्वारा हिंदी में

भेजे गए पत्रों की अधिकता का निदेश दिया जाए जोकि इसके अनुलग्नक के रूप में संलग्न किया जाएगा।

- भाग - III के मद संख्या - 2(I से III) के अंतर्गत संस्थान/कार्यालय द्वारा भेजे गए पत्रों का विवरण दिया जाए।
- भाग - III के मद संख्या - 4 में कार्यालय में उपलब्ध कुल कंप्यूटरों की संख्या दी जानी है। यहां यह विशेष ध्यान रखा जाए कि संस्थान/कार्यालय के सभी कंप्यूटरों में यूनिकोड समर्थित (Microsoft Indic) सॉफ्टवेयर डाउनलोड किया जाए। यहां कंप्यूटर पर हिंदी में किए गए कार्य का प्रतिशत संस्थान/कार्यालय के कर्मचारियों के कार्य के प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।
- भाग - III के मद संख्या - 6,7 और 8 तीनों में स्पष्ट रूप से मांगी गई सूचना की सही जानकारी भरी जाए।
- भाग - III के मद संख्या - 11 के अंतर्गत अनुवाद कार्य करने वाले उन पदाधिकारियों की जानकारी मांगी गई है जो कि हिंदी से संबंधित पद है न कि कोई भी पदधारी जो अनुवाद कार्य कर रहे हैं। हिंदी संबंधी पद (कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी) न होने की स्थिति में कॉलम में लागू नहीं (पद सृजित न होने की स्थिति में) लिखा जाए।
- भाग - III के मद संख्या - 12 में संस्थान/कार्यालय द्वारा राजभाषा विभाग, केंद्रीय हिंदी संस्थान, वैज्ञानिक तकनीकि शब्दावली आयोग से मंगवाई गई और वितरित की गई शब्दावली और शब्दकोश की जानकारी दी जानी है। अतः सभी संस्थानों द्वारा उल्लेखित संस्थानों से शब्दकोश मंगवा कर समय-समय पर संस्थान/कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों में वितरित किया जाए ताकि मांगी गई सूचना की सही जानकारी दी जा सके।

- भाग - III के मद संख्या - 15 के अंतर्गत सेवा अभिलेखों/पुस्तिकाओं में प्रविष्टियों की जानकारी देते समय यह ध्यान रखा जाए कि संस्थान/कार्यालय की सभी सेवा पुस्तिकाओं के शीर्षक और शीर्षनाम द्विभाषी में हो और प्रविष्टियां भी अनिवार्य रूप से हिंदी में हो। यदि कोई कमी हो, तो उसे शीघ्रातिशीघ्र पूरा किया जाए और नई सेवा पुस्तिकाओं में आरंभ से ही शीर्षक और शीर्षनाम के साथ प्रविष्टियां भी अनिवार्य रूप से हिंदी में की जाए।

  इस मद संख्या के प्रमाणस्वरूप जांच बिंदु स्थापित किए जाएं और उसके अंतर्गत सभी संबंधितों को सभी सेवा पुस्तिकाओं के शीर्षक और शीर्षनाम द्विभाषी और प्रविष्टियां अनिवार्य रूप से हिंदी में किए जाने के निदेश दिए जाए।

- भाग - III के मद संख्या - 16 के अंतर्गत संस्थान/कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की जानकारी मांगी जाती है। यह ध्यान रहे कि प्रत्येक संस्थान/कार्यालय द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया जाए और कार्यालय प्रमुख (निदेशक) को समिति का अध्यक्ष और प्रशासन से संबंधित अधिकारियों और विभाग प्रमुखों को इसका सदस्य बनाया जाए और प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के 15 दिन के भीतर (15 अप्रैल, 15 जुलाई, 15 अक्टूबर, 15 जनवरी) नियमित अंतराल में इसकी बैठक कार्यालय प्रमुख की अध्यक्षता में अनिवार्य रूप से की जाए। इसकी कार्यसूची एवं कार्यवृत्त हिंदी/द्विभाषी में जारी किए जाए। ऐसी स्थिति में संस्थान/कार्यालय द्वारा इस मद में दी गई जानकारी सही और स्पष्ट रूप से भरी जा सकेगी।

  यह भी ध्यान रहे कि समिति के अध्यक्ष और सदस्यों द्वारा अपना अधिकांश कार्य हिंदी में ही किया जाए क्योंकि इसकी

जानकारी भी समिति द्वारा अनुलग्नक के रूप में मांगी जाती है।

- भाग - III के मद संख्या - 16 (vii) के अंतर्गत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संबंध में संस्थान/कार्यालय से जानकारी अपेक्षित है। अतः प्रत्येक संस्थान/कार्यालय यह सुनिश्चित करें कि वह अपनी क्षेत्र की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सदस्यता प्राप्त करें और कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रति छः माही में होने वाली इसकी बैठकों में अनिवार्य रूप से भाग लिया जाए।
- भाग - III के मद संख्या - 18 में संस्थान/कार्यालय की सभी विभागीय बैठकों की जानकारी मांगी जाती है। प्रशासन, विज्ञानीय सभी बैठकों का रिकॉर्ड रखा जाए। यहां संस्थान/कार्यालय को यह विशेष ध्यान देना होगा कि केवल मात्र राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों की कार्यसूची, कार्यवृत्त ही हिंदी में नहीं होना है बल्कि सभी विभागीय बैठकों की कार्यसूची, कार्यवृत्त हिंदी/द्विभाषी में जारी किए जाए और सभी विभागीय बैठकों की कार्यसूची में राजभाषा प्रगति को भी शामिल किया जाए।
- भाग - III के मद संख्या - 19 के अंतर्गत हिंदी कार्यशालाओं की सूचना मांगी गई है। जैसाकि नियमानुसार प्रत्येक तिमाही में एक हिंदी कार्यशाला आयोजित करना अनिवार्य है इसी के तहत प्रत्येक संस्थान/कार्यालय द्वारा नियमित अंतराल में प्रत्येक तिमाही एक कार्यशाला और वर्ष में कुल चार कार्यशालाएं अवश्य आयोजित की जाए जिसके अंतर्गत आमंत्रित व्याख्याता द्वारा विभिन्न विषयों (अध्याय तिमाही प्रगति रिपोर्ट में देखें) पर अभ्यास करवाया जाए और बारी-बारी से संस्थान/कार्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को शामिल किया जाए।

कार्यशाला में भाग लेने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति सूची रिकॉर्ड के रूप में अवश्य रखी जाएं ताकि मद संख्या - 19 (ii), (iii) में सहीं जानकारी दी जा सके।

इसी मद के अंतर्गत संस्थान/कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यशाला द्वारा हिंदी में काम करने हेतु प्रोत्साहित करने के साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा लागू प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी जानी है। अतः संस्थान/कार्यालय द्वारा राजभाषा विभाग द्वारा लागू प्रोत्साहन योजना को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए और वर्ष के अंत में भाग लेने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को नियमानुसार पुरस्कृत किया जाए। इसके साथ ही संबंधित पुरस्कृत अधिकारियों/कर्मचारियों को अपना सरकारी काम-काज अधिकाधिक राजभाषा में करने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाए।

मद संख्या - 20 के अंतर्गत वर्ष के दौरान आयोजित समारोह की संख्या और राजभाषा सम्मेलन की जानकारी दी जानी है। यहां यह ध्यान रहे कि प्रत्येक कार्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले समारोह के निमंत्रण पत्र और कार्यक्रम की समय सारणी आदि हिंदी/द्विभाषी में की जाए ताकि इस मद में दी गई सूचना भी राजभाषा विभाग के लक्ष्यों के अनुरूप हों।

भाग - IV

मद संख्या - 1 के अंतर्गत संस्थान/कार्यालय द्वारा गतवर्ष जारी किए जाने वाले विज्ञापनों की जानकारी दी जानी है। राजभाषा अधिनियम के अनुसार संस्थान/कार्यालय द्वारा जारी की जाने वाली रिक्ति अधिसूचना, विज्ञापन और प्रचार द्विभाषी/त्रिभाषी होने अनिवार्य है। अतः कुल विज्ञापनों और प्रचारों की संख्या देने के साथ ही यह ध्यान रहे कि सभी विज्ञापन और प्रचार द्विभाषी में हों अर्थात कुल विज्ञापन एवं प्रचार की संख्या और द्विभाषी/त्रिभाषी विज्ञापनों और प्रचारों की संख्या समान होनी चाहिए।

मद संख्या - 4 के अंतर्गत अनुभागों में हिंदी संबंधी कार्य की स्थिति की जानकारी मांगी गई है। यहां यह ध्यान रहे कि 4 (i) में संस्थान/कार्यालय के कुल अनुभागों की संख्या दी जानी है और 4 (ii) में उन्हीं कुल अनुभागों में से कितने अनुभागों का राजभाषायी निरीक्षण किए जाने की जानकारी मांगी गई है। यहां हमें यह भी ध्यान देना होगा कि इन अनुभागों में से कुछ अनुभागों को अपना समग्र कार्य राजभाषा हिंदी में करने हेतु विनिर्दिष्ट किया जाना आवश्यक है। इसके लिए जांच बिंदु जारी किए जाएं जिसमें उन अनुभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को यह स्पष्ट निदेश दिया जाए कि वे अपना समग्र सरकारी काम-काज राजभाषा हिंदी में ही करेंगे।

मद संख्या - 5 के अंतर्गत हिंदी दिवस पर आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी जानी है।

- मद संख्या - 5 (i) के अंतर्गत हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित सभी प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का विवरण दिया जाना है।
- मद संख्या - 5 (ii) के अंतर्गत इन गतिविधियों के आयोजन से संस्थान/कार्यालय में राजभाषा के प्रयोग की प्रगति का उल्लेख किया जाना है जिसका विस्तृत विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न किया जाता है।

- मद संख्या - 5 (iii) में विशेष रूप से टिप्पण प्रारूपण के लिए उठाएं गए कदम की जानकारी दी जानी है इसके अंतर्गत वस्तुतः (टिप्पण प्रारूपण विषय पर आयोजित कार्यशाला अन्य गतिविधि) का उल्लेख किया जाना है।
- मद संख्या - 5 (iv) के अंतर्गत संस्थान/कार्यालय द्वारा लागू की गई विशेष प्रोत्साहन योजना का उल्लेख किया जाना है न कि राजभाषा विभाग द्वारा लागू प्रोत्साहन योजना का। यहां यह ध्यान रहे कि राजभाषा विभाग द्वारा लागू 20,000 शब्दों की प्रोत्साहन योजना को संस्थान/कार्यालय में लागू करना अनिवार्य है किंतु संस्थान/कार्यालय में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्थान/कार्यालय के निदेशक द्वारा विशेष प्रोत्साहन योजना भी लागू की जा सकती है। इस मद में उसी विशेष प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी जानी है।

मद संख्या - 6 (i) के अंतर्गत एक वर्ष के दौरान कुल टिप्पणियों की संख्या दी जानी है जिसमें हिंदी एवं अंग्रेजी टिप्पणियां शामिल होती है।

- मद संख्या - 6 (ii) में उन्हीं टिप्पणियों में से केवल हिंदी टिप्पणियों की संख्या और प्रतिशत दिया जाना है।
- मद संख्या - 6 (iii) में कार्यालय प्रमुख/निदेशक द्वारा की गई टिप्पणियों की संख्या और प्रतिशत दर्शाया जाना है जो कि कुल टिप्पणियों की संख्या का ही एक भाग होना अपेक्षित है।
- मद संख्या - 6 (iv) में कार्यालय प्रमुख द्वारा उन्हीं कुल टिप्पणियों में से हिंदी में की गई टिप्पणियों की संख्या और प्रतिशत दर्शाए जाने है। यहां यह ध्यान रखना होगा कि टिप्पणियों का प्रतिशत कार्यालय द्वारा किए गए पत्राचार के अनुरूप हो, उसमें बहुत अधिक असमानता नहीं हो।

मद संख्या - 7 (i) के अंतर्गत कार्यालय द्वारा एक वर्ष के दौरान जारी किए गए कुल पत्रों (अंग्रेजी और हिंदी) की संख्या दी जानी है। यह संख्या पूर्व में भाग-III मद संख्या-1 और 2 में संस्थान/कार्यालय द्वारा दिए गए 'क', 'ख'

और 'ग' क्षेत्र के साथ किए गए कुल पत्राचार की संख्या के रूप में दी जानी है।

- मद संख्या - 7 (ii) में इन्हीं कुल पत्रों में से हिंदी में जारी किए गए पत्रों की संख्या और प्रतिशत दिया जाना है। यहां यह भी ध्यान रहे कि पूर्व में भाग-III मद संख्या-1 और 2 में दिए गए 'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्र को भेजे गए हिंदी पत्र की कुल संख्या दी जानी है।
- मद संख्या - 7 (iii) के अंतर्गत पिछले एक वर्ष के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा भेजे गए कुल पत्र की संख्या और मद संख्या - 7 (iv) में उन्हीं कुल पत्रों में से हिंदी में भेजे गए पत्रों की संख्या दी जानी है।

मद संख्या - 8 के अंतर्गत राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं और उनके समाधानों को संक्षेप रूप में दिया जाना है।

मद संख्या - 9 के अंतर्गत राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की दिशा में किए जा रहे ऐसे कार्य जो राजभाषा नियम-अधिनियम के अनुपालन के अतिरिक्त राजभाषा हिंदी में आयोजित विज्ञानीय, प्रशासनिक, स्वास्थ्य जागरूकता संबंधित कार्यक्रम, विज्ञानीय प्रशिक्षण, विज्ञानीय कार्य, गतिविधियों, हिंदी प्रकाशन, राजभाषा के क्षेत्र में संस्थान को प्राप्त पुरस्कार/सम्मान और जन उपयोगी कार्यों आदि को शामिल किया जाता है जोकि राजभाषा अधिनियम के अनुपालन की दिशा में किए गए असाधारण प्रयास एवं उपलब्धियां हो।

अतः उल्लेखित निदेशों का अनुपालन करते हुए, संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली को गंभीरतापूर्वक लेते हुए, उसमें पूछी गई प्रत्येक सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ने के बाद उसका सही एवं सटीक उत्तर देने पर हमारा निरीक्षण निश्चित रूप से सफल होगा।

****

विभागीय शब्दावली

प्रशासनिक शब्दावली

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) तथा इसके संस्थानों एवं केन्द्रों में प्रशासनिक, स्थापना, कार्मिक, भर्ती, सेवा, कार्यालयीन प्रक्रिया तथा वैज्ञानिक प्रशासन से संबंधित अनेक तकनीकी शब्दों का नियमित प्रयोग किया जाता है। इन शब्दों के हिंदी रूपों में एकरूपता एवं मानकीकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह वर्णक्रमानुसार शब्दावली तैयार की गई है।

A

English	हिंदी
Abolish	विलोपन उन्मूलन
Absence	अनुपस्थिति
Absorption	समामेलन
Academic Qualification	शैक्षणिक योग्यता
Acceptance	स्वीकृति
Access Control	अभिगम नियंत्रण
Accommodation	आवास
Accountability	उत्तरदायित्व
Accrual	उपार्जन
Acknowledgement	अभिस्वीकृति/पावती
Acquisition	अधिग्रहण
Action Taken Report (ATR)	कार्रवाई रिपोर्ट
Additional Charge	अतिरिक्त प्रभार
Ad hoc Appointment	तदर्थ नियुक्ति
Adjourment Motion	स्थगन प्रस्ताव, काम रोको प्रस्ताव

Administrative Approval	प्रशासनिक अनुमोदन
Administrative Authority	प्रशासनिक प्राधिकारी
Administrative Control	प्रशासनिक नियंत्रण
Administrative Division	प्रशासनिक प्रभाग
Administrative Examination	प्रशासनिक परीक्षा
Administrative Officer	प्रशासन अधिकारी
Administrative Order	प्रशासनिक आदेश
Administrative Powers	प्रशासनिक शक्तियाँ
Adult franchise	वयस्क मताधिकार
Advertisement	विज्ञापन
Advisory Committee	सलाहकार समिति
Agreement	करार
Allocation	नियतन, आवंटन
Allotment	आवंटन
Amendment	संशोधन
Antecedent	पूर्ववृत्त
Antedated	पूर्व दिनांकित
Anticipated Expenditures	प्रत्याशित व्यय
Annual Action Plan	वार्षिक कार्ययोजना
Annual Confidential Report (ACR)	वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट
Annual Performance Assessment Report (APAR)	वार्षिक कार्य-निष्पादन आँकलन रिपोर्ट
Appeal	अपील
Appendix	परिशिष्ट
Applicant	आवेदक
Appointment	नियुक्ति
Appointment Letter	नियुक्ति-पत्र

Appointing Authority	नियुक्ति प्राधिकारी
Approval	अनुमोदन
Approved Strength	अनुमोदित पदसंख्या
Arbitration	मध्यस्थता
Arrear	बकाया
Assessment	आकलन
Asset Register	परिसंपत्ति पंजिका/रजिस्टर
Assistant	सहायक
Attendance Register	उपस्थिति रजिस्टर/हाज़िरी रजिस्टर
At par	सम मूल्य पर
Auction	नीलामी
Audit Objection	लेखापरीक्षा आपत्ति
Authentic	प्रामाणिक
Authentication	प्रमाणीकरण
Authority	प्राधिकारी
Authorization	प्राधिकरण
Authorized Signatory	प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
Autonomous body	स्वायत निकाय
Auxiliary funds	सहायक निधियां
Available Vacancy	उपलब्ध रिक्ति

B

Background Verification	पूर्ववृत्त सत्यापन
Batch	बैच
Benchmark	मानक, प्रतिमान, मानदंड
Benefit	लाभ
Biennial report	द्विवार्षिक रिपोर्ट

Bifurcation	द्विभाजन, द्विशाखन
Bilateral	द्विपक्षीय
Bio-data	जीवन-वृत्त
Biometric Attendance	बायोमेट्रिक उपस्थिति
Bipartite	द्विपक्षीय/द्विदलिय
Board of Inquiry	जाँच बोर्ड
Blank endorsements	कोरा पृष्ठांकन
Blanket purchase agreement	व्यापक क्रय करार
Branch	शाखा
Breach of agreement	करार भंग
Break in Service	सेवा में व्यवधान
Brief	संक्षिप्त विवरण
Budget Holder	बजट धारक
Building Committee	भवन समिति
Bulk E-mail	सामूहिक ई-मेल
Business Rule	कार्य-संचालन नियम

C

Cadre	संवर्ग
Cadre Controlling Authority	संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी
Cadre Review	संवर्ग समीक्षा
Cancellation	निरस्तीकरण
Capacity Building	क्षमता निर्माण
Cap and Collar rate	नियत दर
Casting vote	निर्णायक मत
Casual Leave (CL)	आकस्मिक छुट्टी
Caution	सावधानी
Cell	प्रकोष्ठ

Central Government Employee	केंद्रीय सरकार का कर्मचारी
Certified Copy	प्रमाणित प्रति
Chairperson	अध्यक्ष
Change of Headquarters	मुख्यालय परिवर्तन
Charge	प्रभार
Charge Report	कार्यभार रिपोर्ट/प्रभार रिपोर्ट
Charge Sheet	आरोप-पत्र
Charge Relinquishment Report	कार्यभार त्याग रिपोर्ट
Checklist	जाँच-सूची
Circular	परिपत्र
Claim	दावा
Clarification	स्पष्टीकरण
Classification	वर्गीकरण
Clearance certificate	अनापत्ति प्रमाण पत्र
Closure Report	समापन रिपोर्ट
Code of conduct	आचार सहिता
Cognizable	संज्ञेय
Commemorative stamp	स्मारक डाक टिकट
Committee	समिति
Commutation	परिवर्तन/सरांशीकरण
Commuted Leave	परिवर्तित छुट्टी
Competent Authority	सक्षम प्राधिकारी
Competitive bidding	प्रतिस्पर्धात्मक बोली
Compliance	अनुपालन
Compulsory Retirement	अनिवार्य सेवानिवृत्ति
Computer Literacy	कंप्यूटर साक्षरता
Confidential Report	गोपनीय रिपोर्ट

Confirmation	पुष्टिकरण
Consolidated Instructions	समेकित निर्देश
Contingent Bill	आकस्मिक बिल
Contract Appointment	संविदा नियुक्ति
Contract Employee	संविदा कर्मचारी
Contractual Service	संविदात्मक सेवा
Contravention	उल्लंघन
Controlling Officer	नियंत्रण अधिकारी
Conversion Charges	संपरिवर्तन प्रभाव
Copy to	प्रतिलिपि
Correspondence	पत्राचार
Corregendum	शुद्धि-पत्र
Counter Feiting	जालसाजी
Counter Signature	प्रतिहस्ताक्षर
Court Case	न्यायालयीन मामला
Court Stay	न्यायालयीन स्थगनादेश
Creation of Post	पद सृजन
Credentials	अभ्यर्थी की साख/प्रत्यय पत्र
Current Charge	वर्तमान प्रभार

D

Daily Wages	दैनिक मजदूरी
Daily Wage Employee	दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी
Date of Appointment	नियुक्ति तिथि
Date of Joining	कार्यभार ग्रहण तिथि
Date of Retirement	सेवानिवृत्ति तिथि
Deadline	अंतिम तिथि
Death-cum-Retirement Gratuity	मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति उपदान

Declaration	घोषणा
Decorum	शिष्टता/मर्यादा
De Facto	वस्तुतः
De jure	विधितः
Defalcation	गबन
Deferment	आस्थगन
Delegation of Powers	शक्तियों का प्रत्यायोजन
Deletion	विलोपन
De novo	नए सिरे से
Department	विभाग
Departmental Candidate	विभागीय अभ्यर्थी
Departmental Examination	विभागीय परीक्षा
Departmental Inquiry	विभागीय जाँच
Departmental Proceedings	विभागीय कार्यवाही
Departmental Promotion Committee (DPC)	विभागीय पदोन्नति समिति
Deportation	देश निकाला
Deputation	प्रतिनियुक्ति
Deputation Allowance	प्रतिनियुक्ति भत्ता
Deputation Period	प्रतिनियुक्ति अवधि
Dereliction of duty	कर्तव्य की अवहेलना
Designation	पदनाम
Desk Officer	डेस्क अधिकारी
Detailed Vacancy	विस्तृत रिक्ति विवरण
Deviation	विचलन/अंतर
Disciplinary Authority	अनुशासनिक प्राधिकारी
Disciplinary Proceedings	अनुशासनिक कार्यवाही

Discharge Certificate	कार्यमुक्ति प्रमाण-पत्र
Discontinuation	समाप्ति
Dismissal	सेवा से बर्खास्त
Disposal of Representation	अभ्यावेदन का निस्तारण
Dissolution	विघटन
Distribution List	वितरण सूची
Document	दस्तावेज़
Document Verification	दस्तावेज़ सत्यापन
Domicile Certificate	निवास/अधिवास प्रमाण-पत्र
Draft	प्रारूप/मसौदा
Due Date	अंतिम समयसीमा/सम्भावित तिथि/देय तिथि
Duty Roster	ड्यूटी रोस्टर

E

Earned Leave (EL)	अर्जित छुट्टी
Educational Eligibility	शैक्षणिक योग्यता
E-File	ई-फाइल
Elementary Education	प्रारंभिक शिक्षा
Eligibility Criteria	पात्रता मानदंड
Eligible Candidate	पात्र अभ्यर्थी/पात्र उम्मीदवार
Employee Code	कर्मचारी कोड
Employer's Contribution	नियोक्ता अंशदान
Employee Record	कर्मचारी अभिलेख/रिकॉर्ड
Employee Welfare	कर्मचारी कल्याण
Employer	नियोक्ता
Employment Exchange	रोजगार कार्यालय
Enclosure	संलग्नक

Endorsement	पृष्ठांकन
Engagement	नियुक्ति/कार्य
Entry Level	प्रवेश स्तर
Equal Opportunity	समान अवसर
Establishment	स्थापना
Establishment Section	स्थापना अनुभाग
Evaluation Committee	मूल्यांकन समिति
Ex-cadre Post	संवर्ग इतर पद
Executive Authority	कार्यपालक प्राधिकारी
Exemption	छूट
Experience Certificate	अनुभव प्रमाण-पत्र
Expert Committee	विशेषज्ञ समिति
Ex gratia	अनुग्रही, अनुग्रहपूर्वक
Ex gratia grant	अनुग्रही अनुदान
Ex gratia payment	अनुग्रही अदायगी
Ex officio	पदेन
Ex parte	एकपक्षीय
Ex post facto	कार्योत्तर
Extension	विस्तार
Extension of Service	सेवा विस्तार
Extraordinary Leave (EOL)	असाधारण छुट्टी

F

Facilitation	सुविधा प्रदान
Fact-finding Committee	तथ्यान्वेषी समिति
File	फाइल
Final Order	अंतिम आदेश
Final Seniority List	अंतिम वरिष्ठता सूची

Financial Upgradation	वित्तीय उन्नयन
Fiscal year	राजकोषीय वर्ष
Fitness Certificate	स्वस्थता प्रमाण-पत्र
Fixed Pay	नियत वेतन
Follow-up Action	अनुवर्ती कार्रवाई
Forenoon	पूर्वाह्न, दोपहर से पहले
Fluid situation	अस्पष्ट स्थिति
Foreign Service	बाह्य सेवा / इतर सेवा
Forwarding Letter	अग्रेषण-पत्र
Freight	भाड़ा
Fresh Appointment	नई नियुक्ति
Fresh Receipt	नई आवती
Full-Time Employee	पूर्णकालिक कर्मचारी
Functional File index	प्रकार्य फाइल सूचकांक
Functional Requirement	कार्यात्मक आवश्यकता

G

Gazette Notification	राजपत्र अधिसूचना
Gazetted Holiday	राजपत्रित अवकाश
General Administration	सामान्य प्रशासन
General Conditions	सामान्य शर्तें
General Instructions	सामान्य निर्देश
General Provident Fund (GPF)	सामान्य भविष्य निधि
General Section	सामान्य अनुभाग
Government Accommodation	सरकारी आवास
Government Employee	सरकारी कर्मचारी

Government Order	सरकारी आदेश
Grading	ग्रेड निर्धारण
Graft	रिश्वत, घूस
Grateful	कृतज्ञ, आभारी
Grant-in-Aid	सहायतार्थ अनुदान
Grievance	शिकायत
Grievance Redressal	शिकायत निवारण
Gross Emoluments	सकल परिलब्धियां
Group Insurance	सामूहिक बीमा
Growth Rate	वृद्धि, संवृद्धि दर
Guest of honour	विशिष्ट अतिथि

H

Habitual defaulter	आदतन, आभ्यासिक चूककर्ता
Half Pay Leave (HPL)	अर्द्ध वेतन छुट्टी
Handing Over Charge	कार्यभार हस्तांतरण
Hard Copy	मुद्रित प्रति
Headquarters	मुख्यालय
Head of Department	विभागाध्यक्ष
Head of Office	कार्यालयाध्यक्ष
Hierarchical	पदानुक्रमिक, सोपानिक
Holiday	अवकाश
Honorarium	मानदेय
Hours of Employment	काम के घंटे
House Rent Allowance (HRA)	गृह किराया भत्ता
Human Resource	मानव संसाधन
Human Resource Development (HRD)	मानव संसाधन विकास

I

Identity Card	पहचान-पत्र
Imdemnify	क्षतिपूरण
Immediate Effect	तत्काल प्रभाव
Immigrant	आप्रवासी
Immovable property	अचल संपति
Impartiality	निष्पक्षता
Impeachment	महाभियोग
Imperative	अनिवार्य, लाजिमी
Implementation	कार्यान्वयन
Imprest account	अग्रदाय लेखा
Improvisation	कामचलाऊ, तात्कालिक व्यवस्था
Inadvertently	अनजाने, असावधानी से
Incentive Scheme	प्रोत्साहन योजना
In-charge	प्रभारी
Incognito	अज्ञात, गुप्त रूप से
Increment	वेतनवृद्धि
Incumbent	पदस्थ, पदधारी
Induction Training	प्रारंभिक प्रशिक्षण
Industrial Dispute	औद्योगिक विवाद
Information	सूचना
Information Technology (IT)	सूचना प्रौद्योगिकी
Infringe	अतिलंघन करना
Initial Appointment	प्रारंभिक नियुक्ति

Inquiry	जाँच
In Service	सेवारत
Inspection Report	निरीक्षण रिपोर्ट
Integrity	सत्यनिष्ठा
Inter alia	अन्य बातो के साथ-साथ
Inter-departmental	अंतर-विभागीय
Internal Circular	आंतरिक परिपत्र
Internal Committee	आंतरिक समिति
Internal Communication	आंतरिक संचार
Internal Transfer	आंतरिक स्थानांतरण
Inter se seniority	परस्पर वरिष्ठता
Invalid Pension	अशक्तता पेंशन
Invitation	आमंत्रण
Ipso facto	स्वयमेव
Ipso jure	विधितः
Issue	जारी

J

Joining Report	कार्यभार ग्रहण रिपोर्ट
Joint Cadre	संयुक्त संवर्ग
Joint Secretary	संयुक्त सचिव
Junior	कनिष्ठ
Jurisdiction	अधिकारिता/कार्यक्षेत्र
Justification	औचित्य

K

Key Responsibility	मुख्य उत्तरदायित्व
Know How	तकनीकी जानकारी
Knowledge Upgradation	ज्ञान उन्नयन

L

Language Proficiency	भाषा प्रवीणता
Leave Encashment	छुट्टी नकदीकरण
Leave Sanction	छुट्टी की मंजूरी
Leave Travel Concession (LTC)	छुट्टी यात्रा रियायत
Legal Heir	कानूनी उत्तराधिकारी
Legal Opinion	विधिक राय
Letter of Appointment	नियुक्ति-पत्र
Letter of Intent	आशय-पत्र
Level	स्तर
Liability	दायित्व
Liasion officer	संपर्क अधिकारी
Library	पुस्तकालय
Lien	पुनर्ग्रहणाधिकार
Link Officer	संपर्क अधिकारी
Local Holiday	स्थानीय अवकाश
Local Office	स्थानीय कार्यालय

M

Maiden Speech	प्रथम भाषण
Maintenance of Service Book	सेवा पुस्तिका का अनुरक्षण
Maladjustment	कुसमायोजन

Maladministration	कुप्रशासन
Malafide	दुर्भावनापूर्ण
Martyr	शहीद
Material Acceptance Report	सामग्री स्वीकृति रिपोर्ट
Material evidance	तात्विक, महत्वपूर्ण साक्ष्य
Means of subsistence	निर्वाह साधन
Medical Certificate	चिकित्सीय प्रमाण-पत्र
Medical Examination	चिकित्सा परीक्षण
Medical Fitness	चिकित्सीय उपयुक्तता/स्वस्थता
Medium of Language	शिक्षा का माध्यम
Medical Leave	चिकित्सा छुट्टी
Medical Reimbursement	चिकित्सा प्रतिपूर्ति/अदायगी
Memorandum	ज्ञापन
Merit	योग्यता
Meritorious Service	सराहनीय सेवा
Merit List	मेधा सूची/योग्यता अनुक्रम सूची
Methodology	कार्य प्रणाली
Minimum Qualification	न्यूनतम अर्हता
Ministerial staff	अनुसचिवीय कर्मचारी वर्ग
Misconduct	कदाचार
Modification	आशोधन
Monthly Report	मासिक रिपोर्ट
Mortgage Lease	बंधक पट्टा
Movable Property	चल संपति
Movement Order	संचलन/गमन आदेश

Multi-Tasking Staff (MTS)	बहुकार्य कर्मचारी
Mutatis mutandis	यथावश्यक परिवर्तन सहित

N

Name of Candidate	अभ्यर्थी का नाम
National Holiday	राष्ट्रीय अवकाश
Native language	देशीय भाषा
Newsletter	न्यूज लेटर
Nomination	नामांकन
Nominee	नामित व्यक्ति
Non-Gazetted	अराजपत्रित
Non-Joining	कार्यभार ग्रहण न करना
Non-Regular Service	अनियमित सेवा
Non-Transferable	अहस्तांतरणीय
Not Eligible	अपात्र/अयोग्य
Noting	टिप्पणी
Note for Approval	अनुमोदनार्थ टिप्पण
No Objection Certificate (NOC)	अनापत्ति प्रमाण-पत्र
Notification	अधिसूचना

O

Oath of Allegiance	निष्ठा की शपथ
Objection	आपत्ति
Obsolescence	अप्रचलन
Office Copy	कार्यालय प्रति
Office Memorandum	कार्यालय ज्ञापन
Office Note	कार्यालयी नोट

Office Order	कार्यालय आदेश
Office Procedure	कार्यालय प्रक्रिया
Office Working Days	कार्यालय कार्यदिवस
Official	आधिकारिक/कार्यालयी
Official Correspondence	आधिकारिक पत्राचार/कार्यालयी पत्राचार
Official Language	राजभाषा
Official Record	आधिकारिक कार्यालय/अभिलेख
Officiating Allowance	स्थानापन्न भत्ता
Omission	चूक
On Deputation	प्रतिनियुक्ति पर
On Joining	कार्यभार ग्रहण करने पर
Open Competition	खुली प्रतियोगिता/स्पर्धा
Order of Appointment	नियुक्ति आदेश
Order of Transfer	स्थानांतरण आदेश
Original Certificate	मूल प्रमाण-पत्र
Outstation Duty	बाहरी/बाह्य ड्यूटी
Out source	बाह्य स्रोत, बहिःस्रोत

P

Panel	पैनल/नामावली
Parental Leave	पितृत्व छुट्टी
Part-Time Employee	अंशकालिक कर्मचारी
Pay Level	वेतन स्तर
Pay Matrix	पे मैट्रिक्स
Pay Slip	वेतन पर्ची

Penalty	जुर्माना
Pending Case	लंबित मामला
Pensioner	पेंशनभोगी
Period of Probation	परिवीक्षा अवधि
Permanent Employee	स्थायी कर्मचारी
Permission	अनुमति
Perpetual lease	स्थायी पट्टा
Personal File	व्यक्तिगत फाइल/मिसिल
Personal Information	व्यक्तिगत जानकारी
Personnel Section	कार्मिक अनुभाग
Persona non grata	*अवांछित व्यक्ति*
Photocopy	छायाप्रति
Place of Posting	तैनाती का स्थान
Police Verification	पुलिस सत्यापन
Policy	नीति
Position	पद/स्थिति
Post	पद/पश्चात/डाक
Post Creation	पद सृजन
Post Held	धारित पद
Posting	पदस्थापन/तैनाती
Posting Order	पदस्थापन आदेश/तैनाती आदेश
Preliminary Scrutiny	प्रारंभिक संवीक्षा/सूक्ष्म जांच
Prescribed Format	विहित प्रारूप/निर्धारित प्रारूप
Prescribed Qualification	विहित/निर्धारित अर्हता

Presence	उपस्थिति
Prima facie	प्रथमदृष्ट्या, प्रथम दृष्टि में
Probation	परिवीक्षा
Probation Period	परिवीक्षा अवधि
Promotion	पदोन्नति
Promotion Order	पदोन्नति आदेश
Promotion Policy	पदोन्नति नीति
Property Return	संपत्ति विवरण
Proposal	प्रस्ताव
pro-rata	यथानुपात
pro tempore appointment	अल्पकालीन नियुक्ति
Provisionally Selected	अस्थायी रूप से चयनित
proximo	आगामी मास का
Public Holiday	सार्वजनिक अवकाश

Q

Qualification	अर्हता
Qualifying Service	अर्हक सेवा
quantum meruit	जितना काम उतना दाम
quasi-permanent	स्थायीवत्, स्थायी-कल्प
Query	प्रश्न
Query Sheet	प्रश्न-पत्रक
Quota	कोटा

R

Reappropriation	पुनर्विनियोजन
Record	अभिलेख/रिकॉर्ड

Record Room	अभिलेख कक्ष
Record Retention Schedule	अभिलेख अवधारण अनुसूची
Recovery	वसूली
Recruitment	भर्ती
Recruitment Notice	भर्ती सूचना
Recruitment Rules (RRs)	भर्ती नियम
Recurring charges	आवर्ती प्रभार
Re-designation	पदनाम परिवर्तन
Redresal of grievances	शिकायत निवारण
Reference	संदर्भ
Reference Number	संदर्भ संख्या
Refutation	खंडन
Regular Appointment	नियमित नियुक्ति
Regular Service	नियमित सेवा
Reinstatement	पुनर्बहाली
Rejection	अस्वीकृति/नामंजूरी
Relieving Order	कार्यमुक्ति आदेश
Relinquishment of Charge	कार्यभार त्याग
Reminder	अनुस्मारक
Removal from Service	सेवा से पदच्युति
Renewal	नवीनीकरण
Repatriate	प्रत्यावर्तन
Replacement	प्रतिस्थापन
Reporting Officer	रिपोर्ट अधिकारी
Representation	अभ्यावेदन
Reserved Category	आरक्षित वर्ग
Resignation	त्याग-पत्र

Res judicata	पूर्व निर्णीत
Resolution	संकल्प
Restoration	पुनर्स्थापन
Restricted Holiday (RH)	प्रतिबंधित अवकाश
Retirement	सेवानिवृत्ति
Retirement Benefits	सेवानिवृत्ति लाभ
Retirement Order	सेवानिवृत्ति आदेश
Reversion	**प्रत्यावर्तन/पदावर्तन**
Review	समीक्षा
Revised Seniority List	परिशोधित वरिष्ठता सूची
Revision	पुनरीक्षण
Right to Information (RTI)	सूचना का अधिकार
Requisite information	अपेक्षित सूचना/जानकारी
Rule Position	नियमानुसार स्थिति
Rules and regulation	नियम-विनियम

S

Salary	वेतन
Salary Certificate	वेतन प्रमाण-पत्र
Salient features	प्रमुख, मुख्य लक्षण
Sanction	मंजूरी
Scarcity of resources	संसाधनों की कमी
Screening	संवीक्षा/जांच
Screening Committee	संवीक्षा/जांच समिति
Search Committee	खोज समिति
Selection Committee	चयन समिति
Selection Process	चयन प्रक्रिया

Selection grade	प्रवरण कोटि/चयन श्रेणी
Self-Appraisal	स्व-मूल्यांकन/आकलन
Self-Attested Copy	स्वप्रमाणित प्रति
Seniority List	वरिष्ठता सूची
Service Book	सेवा पुस्तिका
Service Conditions	सेवा शर्तें
Service Matter	सेवा विषय/मामला
Service Particulars	सेवा विवरण
Service Record	सेवा अभिलेख
Service Verification	सेवा सत्यापन
Shift Duty	पाली ड्यूटी
Shortlisting	अल्पसूचीबद्ध
Show Cause Notice	कारण बताओ नोटिस
Sine cure	दायित्वहीन (पद)
Sine die	अनिश्चित काल के लिए
Sine qua non	अपरिहार्य शर्त
Staff	कर्मचारीगण/स्टाफ
Staff Strength	कार्मिक संख्या
Standard Operating Procedure (SOP)	मानक संचालन प्रक्रिया
Station Leave	बाहर जाने हेतु छुट्टी
Status Report	स्थिति रिपोर्ट
Status quo ante	यथापूर्व स्थिति
Stenographer	आशुलिपिक
Stipend	वृत्तिका
Strenuous	श्रमसाध्य

Subordinate Office	अधीनस्थ कार्यालय
Sub judice	न्यायाधीन
Superannuation	अधिवर्षिता
Superannuation Pension	अधिवर्षिता पेंशन
Suspension	निलंबन

T

Technical Qualification	तकनीकी अर्हता
Temporary Appointment	अस्थायी नियुक्ति
Temporary Employee	अस्थायी कर्मचारी
Tenure	कार्यकाल/कार्य अवधि
Termination	सेवा समाप्ति/निष्कासन
Terms and Conditions	शर्तें एवं निबंधन
Time Bound Promotion	समयबद्ध पदोन्नति
Time Scale	समयमान
Tour Report	दौरा रिपोर्ट
Training	प्रशिक्षण
Training Calendar	प्रशिक्षण कैलेंडर
Training Programme	प्रशिक्षण कार्यक्रम
Training Schedule	प्रशिक्षण सारणी
Transfer	स्थानांतरण
Transfer Grant	स्थानांतरण अनुदान
Transfer Order	स्थानांतरण आदेश
Transfer Posting	स्थानांतरणतैनाती/पदस्थापन
Transfer Policy	स्थानांतरण नीति
Travelling Allowance (TA)	यात्रा भत्ता

Tribunal	अधिकरण
Triparting	त्रिपक्षीय समिति

U

Ultimo	गत मास का
Unauthorized Absence	अनधिकृत अनुपस्थिति
Undersigned	अधोहस्ताक्षरी
Undertaking	वचन-बद्ध/शपथ पत्र
Unfilled Vacancy	रिक्त पद
Uniform	वर्दी
Union Territory	संघ राज्य क्षेत्र
Unit	इकाई/एकक
Update	अद्यतन
Upgradation	उन्नयन
Upper Age Limit	अधिकतम आयु सीमा
Urgent	अत्यावश्यक
Utilization	उपयोग

V

Vacancy Position	रिक्ति स्थिति
Vacancy Year	रिक्ति वर्ष
Valedictory address	समापन भाषण
Validity	वैधता/मान्यता
Verification	सत्यापन
Verification Report	सत्यापन रिपोर्ट
Vetting	जांच पुनरीक्षण
Vigilance	सतर्कता

Vigilance Angle	सतर्कता के दृष्टिकोण से
Vigilance Clearance	सतर्कता अनापत्ति/समाशोधन
Vigilance Case	सतर्कता मामला
Voluntary Retirement	स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति
Voluntary Retirement Scheme (VRS)	स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना

W

Waiting List	प्रतीक्षा सूची
Waiver	छूट
Welfare	कल्याण
Welfare Measure	कल्याणकारी उपाय
Willingness	इच्छा
Withdrawal	वापसी / निकासी
Withdrawal of Resignation	त्याग-पत्र की वापसी
Work Allocation	कार्य आवंटन
Work Distribution	कार्य वितरण
Work Experience	कार्यानुभव
Work Order	कार्यादेश
Work Profile	कार्य विवरण
Work Schedule	कार्य अनुसूची
Work place/Station	कार्यस्थल
Working Day	कार्यदिवस
Working Hours	कार्य समय/घंटे
Written Examination	लिखित परीक्षा

X

Xerox Copy	छायाप्रति

Y

Yardstick	मानदंड
Year of Recruitment	भर्ती वर्ष
Year of Vacancy	रिक्ति वर्ष
Yearly Report	वार्षिक रिपोर्ट

Z

Zeal	जोश, उत्साह
Zero cost	शून्य लागत
Zonal Office	क्षेत्रीय कार्यालय
Zone of Consideration	विचार क्षेत्र

यदि देश में आधुनिक ज्ञान-विज्ञान को हमें जन-साधारण तक पहुंचाना है तो इसी भाषा का सहारा लेकर हम यह काम कर सकते हैं।"

हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

आईसीएमआर मुख्यालय के अनुभागों/प्रकोष्ठों/इकाइयों के नाम

English	हिंदी
Director General Office (DG Office)	महानिदेशक कार्यालय (डीजी कार्यालय)
Office of the Additional Director General (Intramural)	अपर महानिदेशक (आंतरिक) कार्यालय
Office of the Additional Director General (Extramural)	अपर महानिदेशक (बाह्य) कार्यालय
Senior Deputy Director General Office	वरिष्ठ उप महानिदेशक कार्यालय
Senior Financial Advisor Office	वरिष्ठ वित्तीय सलाहकार कार्यालय
Deputy Director General (Administration) Office	उप महानिदेशक (प्रशासन) कार्यालय
Additional Director General (Administration) Office	अपर महानिदेशक (प्रशासन) कार्यालय
Administration Section	प्रशासन अनुभाग
Bill Section	बिल अनुभाग
Communicable Diseases Division (CD)	संचारी रोग प्रभाग (सीडी)
Central Procurement Cell (CPC)	केंद्रीय खरीद/प्रापण प्रकोष्ठ (सीपीसी)
Clinical Studies and Trials Unit (CSTU)	नैदानिक अध्ययन एवं परीक्षण इकाई (सीएसटीयू)
Data Centre	डेटा केंद्र
Delivery Research Division	वितरण (डिलीवरी) अनुसंधान प्रभाग
Descriptive Research Division	वर्णनात्मक (डिस्क्रिप्टिव) अनुसंधान प्रभाग
Development Research Division	विकास (इवलपमेंट) अनुसंधान प्रभाग
Department of Health Research (DHR)	स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर)

Discovery Research Division	खोज (डिस्कवरी) अनुसंधान प्रभाग
E-Governance	ई-शासन
Establishment Section	स्थापना अनुभाग
Extramural Finance Section	बाह्य(एक्ट्राम्युरल) वित्त अनुभाग
Finance & Accounts Section	वित्त एवं लेखा अनुभाग
Official Langugage Section	राजभाषा अनुभाग/हिंदी अनुभाग
Human Resource Development Division (HRD)	मानव संसाधन विकास प्रभाग (एचआरडी)
International Health Division (IHD)	अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रभाग (आईएचडी)
Indian Journal of Medical Research (IJMR)	इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर)
Intellectual Property Rights (IPR)	बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ (आईपीआर)
Innovation and Translation Research (ITR)	नवाचार एवं ट्रांसलेशन अनुसंधान प्रभाग (आईटीआर)
Legal Section	विधिक अनुभाग
Logistics Section	रसद अनुभाग
Maintenance Unit	अनुरक्षण इकाई
Medical Cell	चिकित्सा प्रकोष्ठ
Non-Communicable Diseases Division (NCD)	असंचारी रोग प्रभाग (एनसीडी)
Policy and Communications Division (P&C)	नीति एवं संचार प्रभाग (पी एंड सी)
Personnel Section	कार्मिक अनुभाग
Receipt & Issue Section (R&I)	प्राप्ति एवं निर्गम अनुभाग (आर एंड आई)
Division of Reproductive, Child Health & Nutrition (RCN)	प्रजनन, बाल स्वास्थ्य एवं पोषण प्रभाग (आरसीएन)
Recruitment & Promotion Cell	भर्ती एवं पदोन्नति प्रकोष्ठ

RTI & Grievance Cell	सूचना का अधिकार एवं जनशिकायत प्रकोष्ठ
Store Section	भंडार अनुभाग
Vigilance Section	सतर्कता अनुभाग

आईसीएमआर के मुख्यालय / केंद्रों / संस्थानों में प्रचलित पदनाम

भाग-I : नियमित पद (Regular Posts)

Director General (DG)	महानिदेशक (डीजी)
Additional Director General (ADG)	अपर महानिदेशक (एडीजी)
Senior Deputy Director General	वरिष्ठ उप महानिदेशक
Deputy Director General (DDG)	उप महानिदेशक (डीडीजी)
Additional Director General (Administration)	अपर महानिदेशक (प्रशासन)
Additional Director General (Finance)	अपर महानिदेशक (वित्त)
Senior Financial Advisor	वरिष्ठ वित्तीय सलाहकार
Officer on Special Duty (OSD)	विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी)
Scientist	वैज्ञानिक
Deputy Director (Official Language)	उप निदेशक (राजभाषा)
Assistant Director (Official Language)	सहायक निदेशक (राजभाषा)
Junior Translation Officer (JTO)	कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी (जेटीओ)
Senior Administrative Officer (Sr. AO)	वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी (एसएओ)
Senior Accounts Officer (Sr. ACO)	वरिष्ठ लेखा अधिकारी (वरिष्ठ एसीओ)
Section Officer (SO)	अनुभाग अधिकारी (एसओ)
Assistant	सहायक
Personal Assistant (PA)	निजी सहायक (पीए)
Private Secretary (PS)	निजी सचिव (पीएस)

Senior Private Secretary (SPS)	वरिष्ठ निजी सचिव (एसपीएस)
Upper Division Clerk (UDC)	प्रवर श्रेणी लिपिक (यूडीसी)
Lower Division Clerk (LDC)	अवर श्रेणी लिपिक (एलडीसी)
Multi-Tasking Staff [MTS(G)]	बहुकार्य कर्मचारी [एमटीएस (जी)]
Staff Car Driver	स्टाफ कार चालक
Principal Technical Officer	प्रधान तकनीकी अधिकारी
Senior Technical Officer	वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी
Technical Officer	तकनीकी अधिकारी
Technical Assistant	तकनीकी सहायक
Senior Technician	वरिष्ठ तकनीशियन
Technician	तकनीशियन
Laboratory Assistant	प्रयोगशाला सहायक
Laboratory Attendant	प्रयोगशाला परिचर
Field Worker	क्षेत्रीय कार्यकर्ता
Library Clerk	पुस्तकालय लिपिक

भाग-II : संविदात्मक/परियोजना पद (Contractual/Project Posts)

Consultant	परामर्शक
Senior Consultant	वरिष्ठ परामर्शक
Project Research Scientist	परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक
Project Technical Support	परियोजना तकनीकी सहयोग
Project Nurse	परियोजना नर्स/परिचारिका
Project Administrative Support	परियोजना प्रशासनिक सहयोग
Project Coordinator	परियोजना समन्वयक
Project Manager	परियोजना प्रबंधक
Project Officer	परियोजना अधिकारी
Project Consultant	परियोजना परामर्शदाता
Young Professional	युवा पेशेवर

Data Entry Operator (DEO)	**डाटा एंट्री ऑपरेटर (डीईओ)**
Office Assistant (Contractual)	कार्यालय सहायक (संविदात्मक)
Field Investigator	क्षेत्र अन्वेषक
Field Assistant	क्षेत्र सहायक
Field Attendant	क्षेत्र परिचर
Research Assistant	अनुसंधान सहायक
Research Scientist	अनुसंधान वैज्ञानिक
Computer Programmer	कंप्यूटर प्रोग्रामर
Software Developer	सॉफ्टवेयर डेवलपर
Statistician	सांख्यिकीविद्
Biostatistician	जैव-सांख्यिकीविद्
Data Manager	डाटा प्रबंधक
Data Analyst	डाटा विश्लेषक
Research Officer	अनुसंधान अधिकारी
Scientific Administrative Assistant	**विज्ञानीय प्रशासन सहायक**
Senior Resident	सीनियर रेजिडेंट

वित्त एवं खरीद संबंधी शब्दावली

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) तथा इसके संस्थानों एवं केन्द्रों में वित्त, लेखा, बजट, खरीद, अनुबंध, व्यय, लेखापरीक्षा तथा वित्तीय प्रबंधन से संबंधित विभिन्न तकनीकी शब्दों का नियमित प्रयोग किया जाता है। इन शब्दों के हिंदी रूपों में एकरूपता एवं मानकीकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह वर्णक्रमानुसार शब्दावली तैयार की गई है।

A

English	हिंदी
Abatement	कटौती/कमी
Abstract of Expenditure	व्यय सार
Acceptance of Tender	निविदा स्वीकृति
Account Code	लेखा कोड
Account Head	लेखा शीर्ष
Account Statement	लेखा विवरण
Accountant	लेखाकार
Accounting	लेखांकन
Accounting Year	लेखा वर्ष
Accounts Officer	लेखा अधिकारी
Accrual	उपार्जन
Accrued Expenditure	उपार्जित व्यय
Accrued Income	उपार्जित आय
Adjustment	समायोजन
Adjustment Entry	समायोजन प्रविष्टि

Advance Payment	अग्रिम भुगतान
Advance Register	अग्रिम पंजिका
Allocation	आवंटन
Annual Accounts	वार्षिक लेखे
Annual Budget	वार्षिक बजट
Annual Financial Statement	वार्षिक वित्तीय विवरण
Annual Maintenance Contract (AMC)	वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध
Appropriation Account	विनियोजन लेखा
Arrear	बकाया
Asset	परिसंपत्ति
Asset Register	परिसंपत्ति पंजिका
Audit	लेखा परीक्षा
Audit Objection	लेखा परीक्षा आपत्ति
Audit Para	लेखा परीक्षा पेरा/अनुच्छेद
Audit Trail	लेखा अनुरेख
Authorized Expenditure	प्राधिकृत व्यय

B

Balance	शेष
Balance Amount	शेष राशि
Balance Sheet	तुलन-पत्र
Bank Account	बैंक खाता
Bank Book	बैंक बही
Bank Charges	बैंक प्रभार
Bank Draft	बैंक ड्राफ्ट
Bank Guarantee (BG)	बैंक गारंटी

Bank Reconciliation Statement (BRS)	बैंक समाधान/मिलान विवरण
Bank Transfer	बैंक अंतरण
Basic Price	मूल मूल्य
Beneficiary	लाभार्थी
Bid Capacity	बोली क्षमता
Bid Document	बोली दस्तावेज
Bid Evaluation	बोली मूल्यांकन
Bid Opening	बोली खोलना
Bid Security	बोली प्रतिभूति/सुरक्षा
Bid Validity	बोली वैधता/मान्यता
Bidder	बोलीदाता
Bill Passing	बिल पारित करना
Bill Register	बिल पंजिका
Billing	बिल तैयार करना
Book Value	बही मूल्य/खाता पुस्तक मूल्य:
Budget Allocation	बजट आवंटन
Budget Control	बजट नियंत्रण
Budget Estimate (BE)	बजट अनुमान (बीई)
Budget Head	बजट शीर्ष
Budget Provision	बजट प्रावधान
Budget Utilization	बजट उपयोग
Bulk Purchase	थोक खरीद
By hand	दस्ती द्वारा

C

Calibration Charges	अंशांकन शुल्क/माप सटीकता जांच शुल्क
Capital Asset	पूंजीगत परिसंपत्ति
Capital Expenditure	पूंजीगत व्यय
Capital Grant	पूंजीगत अनुदान
Capital Receipt	पूंजीगत प्राप्ति
Carry Forward	अग्रेनीत करना
Cash	नकद
Cash Balance	नकद शेष
Cash Book	नकद बही/केश बुक
Cash Payment	नकद भुगतान
Cash Receipt	नकद प्राप्ति
Cash Voucher	नकद वाउचर
Central Public Procurement Portal	केंद्रीय लोक खरीद पोर्टल
Certificate of Utilization	उपयोगिता प्रमाण-पत्र
Certified Bill	प्रमाणित बिल
Cess	उपकर
Cheque Book	चेक बुक
Claim	दावा
Closing Balance	समापन शेष
Commercial Bid	वाणिज्यिक बोली
Comparative Statement	तुलनात्मक विवरण
Competent Financial Authority (CFA)	सक्षम वित्तीय प्राधिकारी (सीएफए)

Comprehensive Maintenance Contract (CMC)	व्यापक अनुरक्षण अनुबंध
Conditional Bid	सशर्त बोली
Consolidated Fund	समेकित निधि
Consolidated Statement of Expenditure	व्यय का समेकित विवरण
Consumable Item	उपभोज्य सामग्री
Consumption Register	उपभोग पंजिका
Contingency	आकस्मिक व्यय
Contingent Bill	आकस्मिक व्यय बिल
Contract Agreement	अनुबंध/संविदा करार
Contract Price	अनुबंध मूल्य
Contract Value	अनुबंध मूल्य
Contractual Payment	संविदात्मक भुगतान
Cost Analysis	लागत विश्लेषण
Cost Centre	लागत केंद्र
Cost Estimate	लागत अनुमान
Cost of Procurement	खरीद लागत
Credit	जमा
Credit Balance	जमा शेष
Current Asset	चालू परिसंपत्ति
Current Liability	चालू देयता/वर्तमान देयता

D

Debit	नामे/ऋण
Debit Note	नामे सूचना-पत्र
Deduction	कटौती
Deficit	घाटा
Demand Draft (DD)	डिमांड ड्राफ्ट
Demand for Grants	अनुदानों की मांग
Departmental Purchase Committee (DPC)	विभागीय क्रय/खरीद समिति
Deposit	जमा
Deposit Account	जमा खाता
Deposit Register	जमा पंजिका
Depreciation	मूल्यह्रास
Direct Expenditure	प्रत्यक्ष व्यय
Direct Tax	प्रत्यक्ष कर
Disallowance	अस्वीकृत/नामंजूर व्यय
Discount	छूट
Disposal	निपटान
Disposal Value	निपटान मूल्य
Distribution of Funds	निधियों का वितरण
Double Entry System	दोहरी लेखा पद्धति
Drawing and Disbursing Officer (DDO)	आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ)
Due Payment	देय भुगतान
Duty	शुल्क/कर्तव्य
Duty Drawback	शुल्क वापसी

E

Earnest Money Deposit (EMD)	जमा बयाना राशि
Electronic Fund Transfer (EFT)	इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण
Electronic Payment	इलेक्ट्रॉनिक भुगतान
Electronic Receipt	इलेक्ट्रॉनिक रसीद
Eligibility Criteria	पात्रता मानदंड
Encashment	भुनाना/नकदीकरण
End User Certificate	अंतिम उपयोगकर्ता प्रमाण-पत्र
Estimated Cost	अनुमानित लागत
Estimated Expenditure	अनुमानित व्यय
Estimated Value	अनुमानित मूल्य
